आर. एन. आई. नं. UPHIN/2010/32566 डाक. पंजीयन. संख्या– SSP/LW/NP-311

# अद्भुत समाचार

निष्पक्ष एवं निर्भीक हिन्दी साप्ताहिक

हर ख़बर पर पैनी नज़र

वर्ष : 12 अंक : 01 लखनऊ, बुद्धवार 07 अप्रैल से 13 अप्रैल, 2021 तक पृष्ठ–8 मूल्य : एक रूपया

## अमित शाह और योगी को जान से मारने की धमकी, मेल में लिखा- हम माफ नहीं करते हैं, हमारा इंतजार करो

नई दिल्ली। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की जान को खतरा है। इसका खुलासा केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल ने किया है। दरअसल, सीआरपीएफ को दोनों को जान से मारने की धमकी भरा एक ई–मेल मिला है। ईमेल में ध मकी दी गई है कि आने वाले कुछ दिनों में गृह मंत्री अमित शाह और उत्तर प्रदेश के सीएम योगी आदित्यनाथ को जान से मार दिया जाएगा। इसके अलावा, मेल के जरिए धार्मिक स्थलों और महत्वपूर्ण प्रतिष्ठानों पर हमले करने की भी धमकी दी गई है। इस धमकी भरे मेल आने के बाद से सीआरपीएफ दफ्तर में हड़कंप मच गया। सीआरपीएफ समेत अन्य एजेंसियां सतर्क हो गई है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, मंगलवार की सुबह सीआरपीएफ को यह मेल प्राप्त हुआ है। इस ईमेल में इस बात का जिक्र किया गया है कि देश के अंदर लश्कर–ए–तैयबा के आतंकी



छिपे हैं। इसके अलावा ३ राज्यों में २०० किलो हाई ग्रेड आरडीएक्स की बात भी इस मेल में की गई है। ईमेल में कहा गया है कि ११ से ज्यादा आतंकी और आत्मघाती हमलावर देश में एक्टिव हैं। इस ईमेल को भेजने वाला आखिर में लिखता है कि हम अज्ञात हैं, हम एक आर्मी हैं, हम माफ नहीं करते हैं, हम भूलते नहीं हैं, हमारा इंतजार करो। मेल मिलने के बाद से सुरक्षा एजेंसियां सतर्क हो गई हैं। इस मेल के स्त्रोत को पता लगाया जा रहा है। सुरक्षा एजेंसियां इस बात का पता लगाने में जुट गई हैं कि इस मेल को किसने और क्यों भेजा है? इसके पीछे भेजने वाले के मकसद क्या है? आपको बता दें कि यह कोई पहला मामला नहीं है जब केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को जान से मारने की धमकी मिली हो। इससे पहले भी आगरा में पिछले साल नवंबर और दिसंबर में सीएम योगी को ध मकी देने के दो मामले सामने आए थे।

## यूपी पुलिसको मिली ५० से अधिक आपराधिक मामलों के बसपा विधायक की हिरासत

लखनऊ। मऊ से बहुजन समाज पार्टी के विधायक एवं गैंगस्टर से नेता बने मुख्तार अंसारी को कड़ी सुरक्षा के बीच आज उत्तर प्रदेश पुलिस को सौंप दिया गया। कई जघन्य अपराधों में वांछित मुख्तार अंसारी को पंजाब से सड़क मार्ग के रास्ते से लाया जा रहा है। उन्हें बांदा जिले की जेल में रखा जाएगा। उत्तर प्रदेश पुलिस के सौ सशस्त्र जवान सड़क मार्ग से १६ घंटे में लगभग ६०० किलोमीटर का सफर तय करके कल पंजाब की रोपड़ शहर की सेंट्रल जेल में पहुंचे। इन जवानों का नेतृत्व पुलिस उपाधीक्षक कर रहे थे। अंसारी को जबरन वसूली और आपराधिक धमकी के मामले में दो साल और दो महीने तक रोपड़ जेल में रखा गया था। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया, मुख्तार अंसारी को सभी कानूनी और चिकित्सकीय औपचारिकताओं को पूरा करने के बाद उत्तर प्रदेश पुलिस को सौंप दिया गया। उन्हें कड़ी सुरक्षा के बीच एंबुलेंस से बांदा जेल ले जाया गया। उत्तर प्रदेश पुलिस को सौंपने से पहले अंसारी का मेडिकल चेकअप किया गया। उनका कोविड टेस्ट भी कराया गया। गौरतलब है कि पंजाब पुलिस मोहाली शहर के एक बिल्डर से जबरन वसूली मामले में बांदा जेल से २०१६ में पांच बार



के विधायक अंसारी को प्रोडक्शन वारंट पर लेकर आई। तब से वह रोपड़ जेल में बंद थे। सुप्रीम कोर्ट ने २६ मार्च को सरकार को दो सप्ताह के भीतर अंसारी को प्रदेश पुलिस को सौंपने के लिए कहा था। पंजाब सरकार ने उत्तर प्रदेश के अतिरिक्त मुख्य सचिव (गृह) को ३ अप्रैल को लिखा था कि ८ अप्रैल से पहले अंसारी को पुलिस को सौंपने के लिए उपयुक्त व्यवस्था करें। अंसारी पर ५० से अधिक आपराधिक मामले हैं, जिनमें हत्या और अपहरण से संबंधित मामले शामिल हैं।

## बांदा जेल में नहीं मिलेगी मुख्तार अंसारी को बिरयानी : मंत्री सिद्धार्थ नाथ सिंह

लखनऊ। उत्तर प्रदेश बाहुबली विधायक मुख्तार अंसारी को लेकर योगी आदित्यनाथ सरकार लगातार कांग्रेस और पंजाब सरकार को कठघरे में खड़ा कर रही है। जब यूपी पुलिस मुख्तार को पंजाब से यूपी ला रही थी, तब भी मंगलवार को सरकार के प्रवक्ता और एमएसएमई मंत्री सिद्धार्थ नाथ सिंह ने तीखी टिप्पणी की।



पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि पंजाब की कांग्रेस सरकार का दामाद और यूपी की भाजपा सरकार का मुल्जिम नंबर एक आम अपराधी की तरह यूपी आ रहा है। अब उस पर कानून के तहत कार्रवाई की जाएगी।यूपी सरकार के मंत्री सिद्धार्थ नाथ सिंह ने कहा कि मुख्तार अंसारी को यहां लाने के लिए योगी सरकार को काफी प्रयास करने पड़े। सुप्रीम कोर्ट के निर्देश पर पंजाब सरकार ने उसे सौंपा है। उन्होंने कहा कि इसकी दो वजह हो सकती हैं। मुख्तार अंसारी के पीछे राहुल गांधी और प्रियंका वाड्रा हैं या फिर पंजाब के मुख्यमंत्री कैप्टन अमरिंदर सिंह उनकी बात नहीं सुनते। पंजाब सरकार मुख्तार की मदद कर रही है। मंत्री ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट के निर्देश पर बांदा जेल में सारी व्यवस्थाएं की जा रही हैं। हां, पंजाब की जेल में उसे बिरयानी मिलती थी, जो कि बांदा जेल में नहीं मिलेगी।बता दें माफिया विधायक मुख्तार अंसारी को बुधवार तड़के बांदा जेल में दाखिल कराए जाने की उम्मीद है। यूपी पुलिस की टीम पंजाब की रोपड़ जेल से मुख्तार को लेकर मंगलवार शाम प्रदेश की सीमा में दाखिल हो गई। मुख्तार को पुलिस एम्बुलेंस से लेकर आ रही है। ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेस–वे पर यूपी पुलिस के कड़े सुरक्षा घेरे में एम्बुलेंस बांदा की ओर बढ़ी है। रात करीब आठ बजे पुलिस का काफिला जेवर टोल को पार कर गया था, जिसके बाद मुख्तार के बुधवार तड़के तक बांदा जेल पहुंच जाने की बात कही जा रही है।मुख्तार अंसारी को पंजाब से बांदा लाने के लिए करीब सौ पुलिसकर्मियों की टीम सोमवार को रवाना की गई थी। यूपी पुलिस की टीम मंगलवार सुबह रोपड़ पहुंच गई थी और वहां मुख्तार को अपनी अभिरक्षा में लेने की कार्रवाई पूरी करने के बाद दोपहर को टीम वहां से रवाना हो गई थी। सड़क मार्ग से माफिया को लाने में टीम करीब १८०० किलोमीटर का सफर तय करेगी।बता दें कि कि सुप्रीम कोर्ट के आदेश के अनुसार मुख्तार अंसारी को आठ अप्रैल तक बांदा जेल में शिफ्ट किया जा रहा है। पंजाब सरकार के यूपी सरकार को पत्र लिखे जाने के बाद बांदा से पुलिस टीम पंजाब के लिए रवाना किए जाने का निर्णय किया गया था, जिसके बाद सीओ के नेतृत्व में पुलिस टीम रवाना की गई थी, जो अब मुख्तार को लेकर सूबे में आ चुकी है। इस दौरान प्रदेश के वरिष्ठ अधि ाकारी मुख्तार को लेकर आ रही टीम से पल–पल की खबर भी लेते रहे। वहीं बांदा जेल व उसके आसपास सुरक्षा घेरा बेहद कड़ा कर दिया गया है। मुख्तार अंसारी को यूपी लाए जाने से पहले उनके परिवारीजन ने माफिया की जान को खतरा भी जताया था। मुख्तार ने पंजाब की जेल में ही टिके रहने के लिए एक के बाद एक कई कानूनी दांव–पेंच भी अपनाए थे। गाजीपुर के थाना मुहमदाबाद के हिस्ट्रीशीटर अपराधी मुख्तार अंसारी के विरुद्ध १५ मुकदमे विचाराधीन हैं, जिनमें अब अभियोजन तेज कराया जाएगा।

## पुलिस ने अवैध तमंचे के साथ युवक को किया गिरफ्तार

लखनऊ। गोसाईगंज पुलिस ने अवैध शस्त्र के साथ एक हिस्ट्रीशीटर को मुखबिर की सूचना पर किया गिरफ्तार जामा तलाशी के दौरान युवक के पास से एक अवैध तमंचा दो जिंदा कारतूस पुलिस ने किया बरामद पुलिस द्वारा जानकारी के मुताबिक उपनिरीक्षक जयसिंह मय पुलिस बल के साथ थाना क्षेत्र के अंतर्गत वाहनों की चेकिंग कर रहे थे तभी मुखबिर द्वारा सूचना मिली कि जौखंडी ग्राम से मुकुंद खेड़ा जाने वाली सड़क पर एक संदिग्ध युवक अवैध तमंचा लेकर मौके पर मौजूद है जो अक्सर अवैध ा तमंचा लेकर लोगों में दहशत बनाए रहता है सूचना मिलते ही पुलिस मुखबिर के बताए हुए स्थान पर जा पहुंची जहां पर एक संदिग्ध युवक पुलिस को दिखाई दिया पुलिस को देखते ही युवक ने भागने का प्रयास करने लगा पुलिस ने दौड़ा कर मौके




पर ही दबोच लिया नाम पता पूछने पर उसने अपना नाम अशरफ उर्फ असरत निवासी जौखंडी थाना गोसाईगंज जनपद लखनऊ बताया जामा तलाशी के दौरान युवक के पास से पुलिस ने एक अवैध तमंचा दो जिंदा कारतूस पुलिस ने किया बरामद पुलिस युवक को गिरफ्तार कर गोसाईगंज कोतवाली लेकर आई युवक के विरुद्ध विधिक कार्रवाई करते हुए जेल भेज दिया पुलिस के मुताबिक युवक के विरुद्ध थाने में कई मामले दर्ज हैं


# सम्पादकीय

## कोरोना वायरस के पांच नए स्ट्रेन की पहचान..बढ़ती चुनौती

कोरोना वायरस महामारी में नया पहलू जुड़ गया है। कोविड–१६ वायरस के नए संस्करण (स्ट्रेन) दुनिया के लिए बड़ी चुनौती बन गए हैं। इनकी वजह से अमेरिका सहित कई देशों में कोरोना वायरस संक्रमण की अगली लहर आ चुकी है। अब विशेषज्ञ चेतावनी दे रहे हैं कि अभी चल रहे टीकाकरण का लाभ तभी टिकाऊ रहेगा, जब जल्द से जल्द दुनिया भर में सभी लोगों का टीकाकरण हो जाए। वरना, ऐसे स्ट्रेन उभर आएंगे, जो मौजूदा वैक्सीनों को बेअसर कर देंगे। अब तक कोरोना वायरस के पांच नए स्ट्रेन की पहचान हो चुकी है। ऐसी आशंका जताई गई है कि इन नए स्ट्रेन की संक्रामक क्षमता अधिक तीव्र हो सकती है। ये भी संभव है कि इनकी वजह से मृत्यु दर बढ़ जाए। जो पांच स्ट्रेन सामने हैं, उनमें एक ब्रिटिश वर्जन और एक का उत्पत्ति स्थल जापान या ब्राजील रहा है। एक वैरिएंट दक्षिण अफ्रीका सबसे पहले में पाया गया। जबकि दो के उत्पत्ति स्थल अमेरिका का कैलिफोर्निया राज्य है। इनके बीच कम से कम एक स्ट्रेन को सुपरस्प्रेडर माना जा रहा है। यानी इसकी संक्रमण करने की क्षमता अधिक है। ये क्षमता ५० से ७० प्रतिशत तक अधिक देखी गई है। इस वर्जन की अमेरिका पर तगड़ी मार पड़ी है। न्यूयर्क, मिशिगन, विस्कोंसिन और अन्य अमेरिकी राज्यों में इस स्ट्रेन के कारण संक्रमण के नए हटस्पट बन गए हैँ। इस स्ट्रेन से संक्रमित लोगों की संख्या औसतन ७ से १० दिन में दो गुनी हो रही है। अब कुछ विशेषज्ञ यह भी कह रहे हैं दक्षिण अफ्रीका और ब्राजील में पाए गए नए स्ट्रेन मौजूदा वैक्सीन के प्रभावी होने की दर को कुछ कम कर देते हैं। इस बीच एक नया स्ट्रेन सामने आया है, जो कोविड–१६ के स्ट्रेन के म्यूटेशन से बना है। यानी जो नए स्ट्रेन उभरे वे भी अपना स्ट्रेन पैदा करने लगे हैं। इस नए संस्करण का ई४८४के दिया गया है। अमेरिकी विशेषज्ञों ने कहा है कि मुमकिन है कि यह संस्करण मौजूदा वैक्सीनों से काबू में ना आए। तो फिर घूम– फिर कर बात जांच, क्वैरेंटीन, आइसोलेशन और सोशल डिस्टेसिंग और मास्क पर आ कर ठहर गई है। यानी इसके अलावा कोई ऐसा बचाव नहीं है, जो पूरी तरह संक्रमण मुक्त रखने की गारंटी कर पाए। इसलिए टीका लेना जरूरी है, लेकिन उसके बाद अपने को पूरी तरह सुरक्षित मान लेना एक छलावा साबित हो सकता है।

## यूपी में जारी हुआ ये नया अध्यादेश, अब मकान मालिक नहीं कर सकेंगे मनमानी

लखनऊ। आजकल लोगो को घर किराये पर देना एक आम बात है. घर किराये पर देने से मकानमालिक यह भी चाहते है कि उनका घर सही से रखे और साफ–सफाई का भी ध्यान रखें. इसी को लेकर मकान–मालिक और किरायेदार में झगड़ा तक हो जाता है. अक्सर देखा जाता है कि कुछ मकान–मालिक बिना किसी रेंट एग्रीमेंट के किरायेदार को घर दे देते हैं. यूपी में लागू किये नए नियमों के तहत अब मकान–मालिक किसी भी प्रकार से अपनी मनमानी नहीं कर सकेगा. इस नियम में किसी भी प्रकार के विवादों का निपटारा ६० दिनों के अंदर हो जाएगा. उत्तर प्रदेश नगरीय परिसर किरायेदारी विनियमन (द्वितीय) अध्यादेश, २०२१ को लागू करने का फैसला लिया गया है. इसे राज्य सरकार की कैबिनेट से मंजूरी मिल गई है. मौजूदा किरायेदारी और भविष्य की किरायेदारी को ध्यान में रखते हुए प्रदेश में वर्तमान में लागू उत्तर प्रदेश शहरी भवन (किराये पर देने, किराये और बेदखली का विनियमन) अधिनियम १६७२ को निरस्त करते हुए उसकी जगह एक नया कानून बनाए जाने का फैसला हुआ था. इस फैसले को अमल में लाने के लिए राज्यपाल की ओर से ६ जनवरी २०२१ को उत्तर प्रदेश नगरीय परिसर किरायेदारी विनियमन अध्यादेश, २०२१ की घोषणा की गई थी. क्या है किरायेदारी विनियमन अध्यादेश, २०२१ इस नए अध्यादेश के लागू



होने के बाद अब कोई भी मकान मालिक बिना रेंट एग्रीमेंट के किरायेदार नहीं रख सकेगा. इस अध्यादेश में ऐसे कई प्रावधान किए गए हैं जिससे किरायेदारों और मकान मालिकों के बीच विवादों को कम करने में मदद मिलेगी. विवाद होने पर उनके निपटारे की भी व्यवस्था की गई है. नए नियमों के लागू होने के बाद मकान मालिक और किरायेदार के बीच हुए एग्रीमेंट में पारदर्शिता होगी. इससे पहले मकान–मालिक अपने मनचाहा किराया बढ़ा देते थे. लेकिन अब इस नियम के लागू होने के बाद मकान मालिक मनमाना किराया नहीं बढ़ा सकेंगे. नए आदेश के तहत मकान मालिक घरेलू तौर पर सालाना सिर्फ ५ प्रतिशत ही किराया बढ़ा सकते हैं. कमर्शियल के लिए ये बढ़ोतरी ७ प्रतिशत होगी. पुराने मामलों में किराए का रीव्यू किया जाएगा. अध्यादेश में प्रावधानों के अनुसार किरायेदार और मकान मालिक संयुक्त रूप से किरायेदारी की अवधि को तय करेंगे और एग्रीमेंट के रीन्यूअल का फैसला भी मिलकर ही करेंगे. इस अध्यादेश के लागू होने के बाद कूछ हद तक विवादों का निपटारा हो जाएगा. इसमें मकान–मालिक और किरायेदार दोनों के हितों की रक्षा हो जाएगी. किसी विवाद की स्थिति में विवाद के निपटारे के लिए रेंट अथरिटी और रेंट ट्रिब्यूनल का प्राविधान भी इस अध्यादेश में किया गया है और आमतौर पर ६० दिनों में किसी भी विवाद का निपटारा किया जा सकेगा।

## योगी सरकार बच्चों की यूनिफॉर्म, बैग के लिए बैंक खाते में ट्रांसफर करेगी पैसा

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले प्रत्येक छात्र को अब स्कूल यूनिफॉम बैग, और जूते खरीदने के लिए अपने बैंक





खाते में १,१०० रुपये मिलेंगे। हर साल इन वस्तुओं के वितरण में होने वाली देरी से बचने के लिए यह निर्णय लिया गया है। सरकार के प्रवक्ता के अनुसार, बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा स्कूल यूनिफॉम बैग और जूते खरीदने के लिए प्रत्येक लाभार्थी के खाते में एक निश्चित राशि जमा करने का निर्णय लिया गया था। इस प्रस्ताव को अब कैबिनेट को भेजा गया है। इसके तहत प्रत्येक बच्चे को यूनिफॉम के लिए ६०० रुपये दिए जाएंगे। वही स्कूल बैग, स्वेटर, मोजे और जूते के लिए ५०० रुपये दिए जाएंगे। इसके लिए पैसा सीधे उनके खातों में भेज दिया जाएगा। आपको बता दें कि उत्तर प्रदेश में हर साल १.६ करोड़ छात्रों को ये सुविधाएं मुफ्त में दी जाती हैं। इसके लिए सरकारी और निजी क्षेत्र से टेंडर बुलाकर इन चीजों का वितरण किया जाता था, लेकिन इस काम में बार–बार देरी की शिकायतें आने के बाद अधिकारियों को यह कदम उठाना पड़ा। इससे न केवल सामान के वितरण में देरी की समस्या खत्म होगी, साथ ही गुणवत्ता संबंधी चिंता भी दूर होगी।

## सपा को लगा बड़ा झटका, इस वरिष्ठ नेता ने दिया इस्तीफा


लखनऊ। यूपी में पंचायत चुनाव का माहौल बना हुआ है और इसी बीच समाजवादी पार्टी को बड़ा झटका लगा है। पश्चिमी यूपी में पार्टी की बागडोर सँभालने वाले मेरठ के वरिष्ठ नेता गोपाल अने पार्टी से इस्तीफा दे दिया है। सपा में कई दशकों से जुड़े रहे वरिष्ठ नेता गोपाल अग्रवाल ने सपा मुखिया अखिलेश को पत्र लिखकर अपना इस्तीफा भेजा है। समाजवादी पार्टी की समाजवादी व्यापार सभा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष तथा दो बार पार्टी के प्रदेश सचिव रहे मेरठ के वरिष्ठ नेता गोपाल अग्रवाल ने सपा से आज त्यागपत्र दे दिया। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव को लिखे पत्र में उन्होंने त्यागपत्र को तत्काल प्रभावी माने जाने तथा मुलायम सिंह यादव, अखिलेश यादव का आभार प्रकट करने के साथ पार्टी के सभी नेताओं व कार्यकताओं को धन्यवाद प्रेषित किया। मूल रूप से आगरा निवासी गोपाल अग्रवाल ने १६६७ में युवजन सभा से जुड़ने के बाद जीवन में समाजवादी आंदोलन से किसी दूसरी पार्टी का दामन नहीं थामा। छात्र राजनीति से पूर्णकालीन भूमिका के साथ गोपाल अग्रवाल ने हिन्द मजदूर सभा ट्रेड यूनियन गतिविधियों एवं जॉर्ज फनार्डीज के द्वारा प्रकाशित समाचार–पत्र प्रतिपथ में भी कार्य किया। वह आपातकाल में भूमिगत रहे जबकि उनकी गिरफ्तारी के लिए दबाव बनाने की खातिर परिवार को कठोर यातनाएं दी गयी। मेरठ प्रवास के दौरान उन्होंने व्यापारी राजनीति संभाली। मेरठ मसमाजवादी पार्टी के अक्टूबर–नवंबर २००६ में आयोजित तीन दिनी प्रदेश महासम्मेलन के संयोजक रहे। वह समाजवादी चिंतन डॉ. राममनोहर लोहिया के जीवन काल में ही समाजवादी पार्टी से जुड़े। उन्होंने १६७४ के सम्पूर्ण क्रांति आंदोलन में लोकनायक जयप्रकाश नारायण के साथ काम किया। गोपाल अग्रवाल ने कहा है कि उनके परिवार का चार पीढ़ियों के साथ समाजवादी आंदोलन का इतिहास है। वह जीवन पर्यन्त राजनीति में सक्रिय रुप से बने रहेंगे।

## मोबाइल लूटने आए बदमाश बाइक छोड़कर भागे

लखनऊ। कृष्णानगर क्षेत्र में एलडीए कॉलोनी सेक्टर–डी में बाइक सवार बदमाशों ने झपट्टा मारकर अधिवक्ता श्रीनिवास राठौर की पत्नी की चेन लूट ली। उधर, वृंदावन योजना में बदमाशों ने झपट्टा मारकर गौरव कुमार सिंह का मोबाइल लूट लिया। लोगों ने बदमाशों का पीछा किया तो वह भागे और बाइक से गिर गए। इसके बाद बाइक मौके पर छोड़कर बदमाश भाग निकले। सेक्टर–जी एलडीए कॉलोनी निवासी अधिवक्ता श्रीनिवास राठौर रविवार शाम पत्नी ममता के साथ बाइक से बाजार जा रहे थे। इस बीच पीछे से आए बाइक सवार बदमाशों ने झपट्टा मार कर ममता की चेन लूट ली। शोर सुनकर आस पड़ोस के लोगों ने बदमाशों का पीछा किया पर पकड़ नहीं सके। झपट्टे से ममता के गले में चोट भी लग गई। अधिवक्ता ने घटना की जानकारी पुलिस को देकर कृष्णानगर कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया है। अधिवक्ता ने बताया कि बाइक पर पीछे बैठा बदमाश लाल रंग की टीशर्ट और सफेद रंग की टोपी लगाए था। उधर, रायबरेली रोड वृंदावन योजना सेक्टर–पांच में बाइक सवार बदमाशों ने गौरव कुमार सिंह का झपट्टा मार कर मोबाइल लूट लिया। गौरव के शोर मचाने पर आस पड़ोस के लोग दौड़े तो बदमाशों की बाइक फिसल गई और वह सड़क पर गिर गए, हालांकि मौका पाते ही बदमाश बाइक छोड़कर भाग निकलें। पुलिस बाइक नंबर के आधार पर बदमाशों तलाश कर रही है।

# उत्तर प्रदेश में बेहद डरान वाले आंकड़े बीते २४ घंटे में ५९२८ नए संक्रमित


लखनऊ। मंगलवार को मिली बीते २४ घंटे की टेस्ट रिपोर्ट बेहद डराने वाली है। २४ घंटे में प्रदेश में ५६२८ नए संक्रमित मिले हैं। लखनऊ में पिछले २४ घंटे में ११८८ संक्रमित मिले हैं, जबकि सात की मौत हुई है। लखनऊ में डीआरएम डॉक्टर मोनिका अग्निहोत्री सहित रेलवे के अफसर १५ कोरोना पॉजिटिव मिले हैं। केजीएमयू के कुलपति की रिपोर्ट भी पॉजिटिव आई है। पुलिस लाइन के चीफ फार्मासिस्ट आरके चौधरी की कोरोना से मौत हो गई है। उन्नाव में एक न्यायाधीश उनकी पत्नी व एसडीएम सफीपुर कोरोना पॉजिटिव मिले हैं। प्रदेश में मंगलवार को कोरोना के ५६२८ नए रोगी मिले, जबकि ३० मरीजों की मौत हो गई। पिछले साल १३ सितंबर, २०२० को ६२३६ रोगी मिले थे। अब करीब सात महीने बाद इतनी बड़ी संख्या में मरीज मिले हैं। अब तक एक दिन में सर्वाधिक ७१०३ रोगी ११ सितंबर, २०२० को मिले थे। अक्टूबर २०२० से लेकर मार्च २०२१ के पहले हफ्ते तक रोगियों की संख्या में लगातार कमी आई,



लेकिन इसके बाद जो संक्रमण बढ़ा, वह अब थमने का नाम नहीं ले रहा। बीते एक महीने में संक्रमण की रफ्तार में ४५ गुना तक की बढ़ोतरी हुई है। पिछले २४ घंटे में १.७६ लाख लोगों का कोरोना टेस्ट किया गया।प्रदेश में कोरोना के एक्टिव केस बढ़कर अब २७,५०६ हो गए हैं। ५१ जिलों में कोरोना का संक्रमण बढ़ा है। इन सभी जिलों में सौ से ज्यादा रोगी हो गए हैं। लखनऊ में फिर ११८८ रोगी मिले। प्रदेश में सबसे ज्यादा ७६८१ मरीज अभी राजधानी में ही हैं। इसके अलावा प्रयागराज, वाराणसी, कानपुर, गोरखपुर, गौतमबुद्धनगर, गाजियाबाद, मेरठ, बरेली व मुरादाबाद आदि शामिल हैं। अब तक प्रदेश में कुल ६.३६ लाख लोग कोरोना से संक्रमित हो चुके हैं, जिसमें ६.०३ लाख रोगी ठीक हो चुके हैं। प्रदेश में अब तक कुल ३.५७ करोड़ लोगों की कोरोना जांच कराई जा चुकी है। मार्च के पहले हफ्ते में प्रदेश का रिकवरी रेट ९८.४ फीसद तक पहुंच गया था। अब पिछले एक महीने से लगातार ज्यादा मरीज मिलने के कारण इसमें चार फीसद तक क गिरावट आई है। रिकवरी रेट अब ९४.३ फीसद पर पहुंच गया है।

# मिस इंडिया फाइनलिस्ट दीक्षा सिंह ने की पंचायत चुनाव लड़ने की घोषणा

लखनऊ। फेमिना मिस इंडिया की फाइनलिस्ट रहीं दीक्षा सिंह उत्तर प्रदेश में होने जा रहे जिला पंचायत चुनाव में जौनपुर से चुनाव लड़ने जा रही हैं। दीक्षा सिंह ६ साल पहले फेमिना मिस इंडिया फाइनलिस्ट रहीं थीं। दीक्षा सिंह ने कहा कि वह जिले के बक्शा वार्ड से चुनाव लड़ने के लिए आज अपना नामांकन पत्र दाखिल करेंगी। जौनपुर में १५ अप्रैल को मतदान होना है और २ मई को परिणाम घोषित किए जाएंगे। चुनाव को लेकर दीक्षा ने अपने वार्ड में चुनाव प्रचार भी शुरू कर दिया है। दीक्षा निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में चुनाव लड़ेंगी। दीक्षा ने कहा, मैं जौनपुर के चित्तोरी गांव से हूं और तीसरी क्लास तक मैं यहीं पढ़ी हूं। इसके आगे की पढ़ाई मुंबई और गोवा में हुई। गोवा के एमईएस कॉलेज ऑफ आर्ट्स एंड कॉमर्स, जुराईनगर में ग्रेजुएशन के दूसरे साल में में फेमिना मिस इंडिया पेजेंट में भाग लिया था। इस प्रतियोगिता में वह २१ फाइनलिस्टों में से एक रहीं थीं। साथ ही उन्होंने 'मिस बॉडी ब्यूटीफुल' का सब–कॉन्टेस्ट भी जीता था। फिर उन्होंने कई मॉडलिंग असाइनमेंट किए और कुछ म्यूजिक वीडियो में भी नजर आईं। वे दर्शन रावल और नेहा कक्कड़ के गाने 'तेरी आंखों में' दर्शन रावल के गीत 'रब्बा मेहर करि' आदि के म्यूजिक वीडियो में नजर आ चुकी हैं। प्देजंहतंउ पर दीक्षा के २ लाख से ज्यादा फलोअर्स हैं। यह सीट महिलाओं के लिए आरक्षित होने की घोषणा होते ही दीक्षा ने चुनाव लड़ने का फैसला कर लिया था।



# यूपी में चुनावी ड्यूटी में मृत्यु या गंभीर घायल होने पर अनुग्रह राशि बढ़ी

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में त्रि–स्तरीय पंचायत चुनाव के दौरान चुनावी ड्यूटी में किसी कर्मचारी की असामयिक मृत्यु होने या गंभीर घायल होने पर मिलने वाली अनुग्रह राशि में बढ़ोत्तरी की गई है। सोमवार को कैबिनेट बाई सर्कुलेशन सरकार ने इस आशय का निर्णय किया है।सरकारी प्रवक्ता ने बताया कि चुनावी प्रशिक्षण अथवा मतदान और मतगणना ड्यूटी के दौरान किसी असामयिक दुर्घटना में मृत्यु होने पर दस लाख रुपये की अनुग्रह राशि अनुमन्य थी, जिसे अब बढ़ाकर १५ लाख रुपये कर दिया गया है। चुनावी ड्यूटी के दौरान किसी असामयिक दुर्घटना जैसे–आतंकवादी हिंसा, असामाजिक तत्वों द्वारा हत्या, रोड माइन्स, बम विस्फोट, हथियारों से आक्रमण आदि की दशा में मृत्यु होने पर वर्तमान में दी जाने वाली २० लाख रुपये की अनुग्रह राशि को बढ़ाकर ३० लाख रुपये कर दिया गया है।इसके अलावा चुनावी हिंसा में किसी अंग की स्थायी दिव्यांगता (पूरी आंख, हाथ, पैर आदि की पूरी दिव्यांगता) की दशा में वर्तमान में १० लाख रुपये की अनुग्रह राशि अनुमन्य थी, जिसे बढ़ाकर १५ लाख रुपये कर दिया गया है। किसी अन्य कारण से घटित दुर्घटना में किसी अंग की स्थायी दिव्यांगता (पूरी आंख, हाथ, पैर आदि पूरी दिव्यांगता) में प्रदान की जाने वाली पांच लाख रुपये की राशि को बढ़ाकर ७.५० लाख रुपये कर दिया गया है।लखनऊ में उत्तर प्रदेश पुलिस और फोरेंसिक साइंस विश्वविद्यालय बनाने की घोषणा की गई थी। इस पर काम भी शुरू हो चुका है। अब शासन ने निर्णय किया है कि विवि के स्थान पर उत्तर प्रदेश स्टेट इंस्टीट्यूट अफ फोरेंसिक साइंस बनाया जाएगा। साथ तकनीकी विवि से समझौता करार भी किया जाएगा। शासन ने कैबिनेट बाई सर्कुलेशन प्रस्ताव लाकर उद्यमियों की सुविधा को देखते हुए व्यावसायिक भवनों व परिसरों में अग्निसुरक्षा के लिए उत्तर प्रदेश अग्नि निवारण और अग्नि सुरक्षा नियमावली–२००५ में संशोधन किया है। इसके तहत अब निरीक्षक की तरह ही उपनिरीक्षक भी अनापत्ति प्रमाण पत्र जारी कर सकेंगे। हाइड्रो पावर परियोजनाओं से प्रतिस्पर्धात्मक बिडिंग के आधार पर ४०० मेगावाट दीर्घकालीन (२५ वर्ष) बिजली खरीदने की अनुमति। अयोध्या में नयाघाट के पास पहले से बने प्रवेश द्वार को ध्वस्त किया जाएगा। वाराणसी के विभिन्न थानों के प्रशासनिक, आवासीय और अनावासीय भवनों को निष्प्रयोज्य घोषित कर ध्वस्त करने की मंजूरी। पुलिस विभाग के पूर्व निर्मित भवनों को निष्प्रयोज्य घोषित कर ध्वस्तीकरण कराने का फैसला।

# बाहुबली मुख्तार अंसारी के काफिले की यूपी में एंट्री

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के बाहुबली विधायक मुख्तार अंसारी को मंगलवार को यूपी पुलिस के हवाले कर दिया गया। मुख्तार अंसारी पंजाब की रोपड़ जेल से यूपी की बांदा जेल शिफ्ट किया जा रहा है। कागजी कार्रवाई पूरी होने के बाद यूपी पुलिस अंसारी को लेकर निकल गई। करीब दो बजे यूपी पुलिस की टीम मुख्तार को लेकर रोपड़ जेल से बाहर निकली। मुख्तार अंसारी एंबुलेंस में बैठा है और उसके आसपास वज्र समेत पुलिस की दस गाड़ियां चल रही हैं, जिसमें १५० पुलिसकर्मी सवार हैं। सड़क मार्ग से माफिया को लाने में टीम करीब १८०० किलोमीटर का सफर तय करेगी। मुख्तार अंसारी को बुधवार तड़के बांदा जेल में दाखिल कराए जाने की उम्मीद है। अब उसका नया पता बांदा मंडल कारागार की बैरक नंबर १५ होगा। शाम छह बजे के करीब पुलिस का काफिला मुख्तार अंसारी को लेकर उत्तर प्रदेश की सीमा में प्रवेश कर गया है। हरियाणा के सोनीपत से ईस्टर्न पेरीफेरल एक्सप्रेस–वे के रास्ते यूपी के बागपत में एंट्री हुई है। इस दौरान यूपी के बॉर्डर पर पहले से ही काफी पुलिस बल तैनात रहा। पुलिस का काफिला तेज रफ्तार के साथ गाजियाबाद–नोएडा की ओर रवाना हो गया। एक्सप्रेस–वे पर पुलिस का काफिला तेज रफ्तार के साथ गाजियाबाद–नोएडा की ओर रवाना हो गया। इस दौरान मुख्तार की एंबुलेंस की खिड़की पर्दों से ढकी हुई थी। मुख्तार अंसारी को लेकर जा रहा बांदा पुलिस का काफिला ग्रेटर नोएडा में करीब २० मिनट तक यमुना एक्सप्रेस–वे पर जेवर में रुक कर वाहनों में ईंधन लेने के बाद जेवर टोल पार कर मथुरा की तरफ रवाना हुआ। रात करीब आठ बजे मुख्तार अंसारी को लेकर पुलिस का काफिला अलीगढ़ के टप्पल से पास हो गया। उसके बाद रात करीब नौ बजे यमुना एक्सप्रेस–वे के खंदौली टोल से पुलिस की टीम निकल चुकी है।पुलिस के वाहन किसी भी प्राइवेट वाहन को मुख्तार की एंबुलेंस के नजदीक नहीं आने दे रहे थे। यूपी पुलिस की कई गाड़ियां काफिले में जुड़ गई हैं। बताया जा रहा है कि अपर मुख्य सचिव अवनीश अवस्थी और डीजीपी हितेश अवस्थी ने आदेश दिया है कि मुख्तार अंसारी को लेकर आ रहा यूपी पुलिस का काफिला जिस–जिस जिले से गुजरेगा, उस–उस जिले की पुलिस काफिले



को एस्कोर्ट करेगी। मुख्तार अंसारी को यूपी लाए जाने से पहले उनके परिवारीजन ने माफिया की जान को खतरा भी जताया था। मुख्तार ने पंजाब की जेल में ही टिके रहने के लिए एक के बाद एक कई कानूनी दांव–पेंच भी अपनाए थे। मुख्तार अंसारी के बड़े भाई और सांसद अफजाल अंसारी ने योगी सरकार पर गंभीर सवाल खड़े करते हुए उनकी जान को खतरा बताया है। अफजाल अंसारी ने कहा कि जिस तरह से सरकार के मंत्री और प्रदेश बीजेपी अध्यक्ष बयानबाजी कर रहे हैं, उससे कहीं न कहीं शंका पैदा हो रही है। इसी बीच खबर है कि मुख्तार की पत्नी ने शिफ्टिंग के दौरान सुरक्षा को लेकर सुप्रीम कोर्ट में याचिका भी दाखिल की है।यूपी नंबर प्लेट की एंबुलेंस में मुख्तार अंसारी को पंजाब के मोहाली कोर्ट तक लाए जाने के मामले में भी यूपी के मऊ से पहली गिरफ्तारी भी हो गई है। उत्तर प्रदेश में मुख्तार पर अब तक ५२ मुकदमे दर्ज हैं, उसके गैंग के ९६ सदस्य गिरफ्तार हुए हैं और उसकी १९२ करोड़ की ज्यादा की संपत्तियों को जब्त करने और गिराने की कार्रवाई भी हुई है। गाजीपुर के थाना मुहमदाबाद के हिस्ट्रीशीटर अपराधी मुख्तार अंसारी के विरुद्ध १५ मुकदमे विचाराधीन हैं, जिनमें अब अभियोजन तेज कराया जाएगा। सुप्रीम कोर्ट के आदेश के अनुसार मुख्तार अंसारी को १२ अप्रैल से पहले बांदा जेल में शिफ्ट किया जाना है। पंजाब सरकार के यूपी सरकार को पत्र लिखे जाने के बाद बांदा से पुलिस टीम पंजाब के लिए रवाना किए जाने का निर्णय किया गया था, जिसके बाद सीओ के नेतृत्व में पुलिस टीम रवाना की गई थी, जो अब मुख्तार को लेकर सूबे में आ चुकी है। इस दौरान प्रदेश के वरिष्ठ अधिकारी मुख्तार को लेकर आ रही टीम से पल–पल की खबर भी लेते रहे। वहीं बांदा जेल व उसके आसपास सुरक्षा घेरा बेहद कड़ा कर दिया गया है। माफिया मुख्तार को बांदा जेल से २१ जनवरी २०१९ को पंजाब के रोपड़ जिले की रूपनगर जेल में शिफ्ट किया गया था। इसके बाद करीब ५४ बार उसको उत्तर प्रदेश में चल रहे मामलों को लेकर वापस लाने का प्रयास किया गया, लेकिन हर बार तारीख मिलती रही। अब सुप्रीम कोर्ट के निर्देश के बाद उसकी वापसी हुई है। बांदा पुलिस की सौ से अधिक सदस्यों वाली पुलिस टीम सोमवार को उसे लेने रवाना हुई थी।

# आजादी के 70 साल बाद 23 गांव को मिला वोटिंग अधिकार

गोरखपुर। उत्तर प्रदेश के २३ वनटांगिया गांवों के निवासी प्रदेश के मौजूदा पंचायत पुनाव में पहली बार अवजपदह करेंगे। इनमें से ५ गांव गोरखपुर के और महराजगंज जिले के १८ गांव हैं। इन २३ वनटांगिया गांवों को योगी सरकार ने १ जनवरी २०१८ को "राजस्व गांव" घोषित किया था। आदित्यनाथ जी के दिल में एक विशेष स्थान है, जो इस क्षेत्र में 'टॉफी वाले बाबा' के नाम से प्रसिद्ध हैं। मुख्यमंत्री पिछले कई सालों से वनटांगिया बच्चों के साथ दिवाली मना रहे हैं। वनटांगिया लोग पिछले साल २५ दिसंबर को तब सुर्खियों में आए, जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अनुबंध खेती का उदाहरण स्थापित करने के लिए एक एफ पीओ 'महाराजगंज सब्जी उत्पादक कंपनी' के निदेशक राम गुलाब के साथ आभासी बातचीत की। महाजगंज के वनटांगिया गांवों के किसानों ने गोल्डेन स्वीट टोमैटो (टमाटर) की खरीद के लिए अहमदाबाद की एक कंपनी के



साथ करार किया था। डीडीयू गोरखपुर विश्वविद्यालय के एक रिसर्च स्कॉलर (शोध शिक्षाविद) संदीप राय ने कहा, "लगभग ६६ वर्ष पहले ब्रिटिश सरकार ने जंगलों की सफाई के लिए लोगों का उपयोग करना शुरू किया। इन लोगों को टांगिया किसान कहा जाता था। इन किसानों को जंगल के पेड़ों की पंक्तियों के बीच नौ फुट भूमि पर खेती करने की अनुमति थी। उन्हें अपनी पसंद की फसलें उगाने की अनुमति नहीं थी, क्योंकि यह वन अधिकारियों द्वारा तय किया गया था, ताकि फसल आसपास के पेड़ों को नुकसान न पहुंचाए और मिट्टी की उर्वरता को खराब न करें। उन्होंने कहा, किसानों के पास जमीन पर कोई मालिकाना अधिकार नहीं था और उनके पास केवल फसल पर अधिकार था। वनटांगिया अपनी आजीविका के लिए पूरी तरह से जंगल पर निर्भर थे। पिछली सरकारों की लापरवाही के कारण आजादी के ७० साल बाद भी वनटांगिया बुनियादी सुविधाओं से वंचित रहे।

# एएनएम का सोशल मीडिया पर हमेशा व्यस्त रहना एक मरीज के लिए जान का सबब बना

कानपुर। कोरोना की दो वैक्सीन अलग–अलग दी जानी चाहिए और उसके लिए टाइम लिमिट भी सरकार ने बढ़ाई है, लेकिन यूपी की एक नर्स ने मोबाइल पर बातें करते हुए एक ही मरीज को एक साथ दो वैक्सीन लगा दी। सोशल मीडिया पर हमेशा व्यस्त रहना एक मरीज के लिए जान का सबब बन गया है। मामला कानपुर देहात जिले के अकबरपुर का है। वहां प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में एक महिला को कोविड–१६ वैक्सीन की देने वाली एएनएम फोन कल पर इतना व्यस्त थीं कि उसने एक साथ कोविड के टीके की दो खुराक दे दी। मामले की जांच शुरू की गई है। जांच अधिकारी कानपुर देहात के मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) डॉ. राजेश कटियार ने कहा, अब से हर वैक्सीनेटर को लोगों को कोविड टीका लगाने से पहले अपना मोबाइल फोन जमा करने के लिए कहा गया है। आप भी कोरोना टीका लगवाते वक्त यह सावधानी बरतें और यदि स्टाफ का ध्यान कहीं और है तो उसे सचेत होने के लिए कहें। हुआ यूं कि मडौली गांव के निवासी ५० वर्षीय कमलेश कुमारी पत्नी विपिन अपना पहला




टीका लगवाने के लिए अकबरपुर ब्लॉक के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र गई थीं। एएनएम अर्चना, जो एक फोन कॉल पर व्यस्त थीं। उसने बिना जांचें परखे एक साथ दो टीके लगा दिए और इस दौरान वह फोन ही पर बात करती रही। कमलेश के हाथ में सूजन आ गई लेकिन कोई अन्य गंभीर दुष्प्रभाव नहीं हुआ। परिजनों को खबर हुई तो उन्होंने हंगामा खड़ा कर दिया और एएनएम के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। जब परिजनों ने सवाल की कोशिश की तो अर्चना ने उनके साथ दुर्व्यवहार किया और धमकी दी। कमलेश को तब पीएचसी के डॉ. राकेश कुमार द्वारा लगभग डेढ़ घंटे तक निगरानी के लिए रखा गया। उनके अनुसार उन्हें केवल उचित निगरानी के बाद जाने की अनुमति दी गई। उनमें कोई गंभीर लक्षण नहीं नजर आए। इस घटना के बाद स्वास्थ्य अधिकारी तुरंत हरकत में आए और महिला के परिजनों को मनाया। लापरवाही के बारे में जिलाधिकारी और मुख्य चिकित्सा अधिकारी को अवगत कराया गया। कानपुर देहात के जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि मामले को गंभीरता से लिया है ताकि ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।

# युवती को अपहरण करके किया सामूहिक दुष्कर्म, तीन गिरफ्तार

शाहजहांपुर। उत्तर प्रदेश में सामूहिक दुष्कर्म की वारदात थमने का नाम नहीं ले रही है। मिर्जापुर पुलिस थाना इलाके के एक गांव में पुलिस ने २५ वर्षीय युवती के साथ सामूहिक दुष्कर्म का मामला सामने आया है। अब पुलिस ने ३ लोगों को गिरफ्तार किया है। इन तीनों ने २२ मार्च को युवती को उसके घर से अगवा किया और फिर उसके साथ सामूहिक दुष्कर्म किया। पुलिस ने कहा कि यह घटना मिजार्पुर पुलिस थाना इलाके के एक गांव में हुई थी। २२ मार्च को इन लोगों ने घर की छत से युवती को उसके अगवा कर लिया



था। दुष्कर्म के बाद युवती उनकी कैद से भाग निकली और अपने घर पहुंचकर आपबीती बताई। जलालाबाद पुलिस के वृत्त अधिकारी (सीओ) मस्सा सिंह ने कहा, वारदात तब सामने आई जब पीड़िता ने यह घटना अपने पति को बताई। पति होली के दिन दिल्ली से घर पहुंचा था। इसके बाद शुक्रवार को सामूहिक दुष्कर्म का मामला दर्ज कर जांच शुरू की है। यूपी पुलिस ने शनिवार को तीनों आरोपियों को हिरासत में लिया और युवती को मेडिकल परीक्षण के लिए भेज दिया गया है।

## सीएम योगी ने देंगे शहीद के परिवार को ५० लाख की अनुग्रह राशि और एक सदस्य को नौकरी

अयोध्या। छत्तीसगढ़ के सुकमा–बीजापुर बॉर्डर पर शनिवार को सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच हुई बेहद ही खतरनाक मुठभेड़ में २२ जवान शहीद हो गए। इन देष के सपूतों में उत्तर प्रदेश के अयोध्या का भी एक वीर जवान राजकुमार यादव भी शहीद हो गए हैं। यादव के शहीद होने की खबर मिलते ही उनके परिवार में कोहराम मच गया। यादव के परिजनों और पत्नी का रो–रोकर बुरा हाल है। ऐसे में शहीद जवान के परिवार को सात्वना देने के लिए कई गणमान्य लोग पहुंच



रहे हैं। अयोध्या के डीएमए अनुज कुमार झा और एसएसपी शैलेश पांडेय भी जवान के घर पहुंचे और परिवार का ढांढस बंधाया। वहीं अयोध्या के मेयर ऋषिकेश उपाध्याय ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस घटना पर गहरा दुख व्यक्त किया है। साथ ही नक्सली हमले में जान गंवाने वाले हेड कांस्टेबल राजकुमार यादव के परिवार को ५० लाख रुपए की अनुग्रह राशि की घोषणा की है। शहीद की मां कैंसर से पीड़ित नक्सली हमले में शहीद हुए राजकुमार यादव अयोध्या के रानोपाली के रहने वाले हैं। शहीद राजकुमार तीन भाइयों ने सबसे बड़े थे। उसकी पत्नी और दो बच्चे भी हैं। शहीद के पिता सूरजलाल यादव ने बताया कि उनका बेटा १६६५ में सीआरपीएफ में शामिल हुआ था। बचपन से ही उसे देश की सेवा की चाह थी। ये भी बताया जा रहा है कि शहीद हुए राजकुमार की मां कैंसर से पीड़ित हैं। ५० लाख रुपए आर्थिक सहायता की घोषणा मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने नक्सली हमले में जवानों की शहादत पर गहरा दुख जताया है। इस हमले में अयोध्या के राजकुमार यादव के अलावा चंदौली के धर्मदेव कुमार भी शहीद हुए हैं। सीएम योगी ने शहीदों को श्रद्धांजलि देते हुए दोनों शहीदों के परिजनों को ५०–५० लाख रुपए की आर्थिक सहायता देने, परिवार के एक सदस्य को नौकरी देने और शहीद के गृह जिले में उसके नाम पर एक सड़क का नामकरण करने की घोषणा की है।

## सरोजनीनगर पुलिस ने ऑटो चालक गिरोह के सात बदमाशों को किया गिरफ्तार

लखनऊ। सरोजनीनगर पुलिस ने बिजनौर से सोमवार देर रात लुटेरे आटो चालक समेत गिरोह के सात बदमाशों को गिरफ्तार किया है। यह बदमाश रेलवे और बस स्टेशनों के आस पास से सवारियां बिठाकर सूनसान इलाके में ले जाकर उनसे लूटपाट करते थे। पुलिस ने बदमाशों के पास से एक आटो, चिरंजीव नाथ सिन्हा ने बताया कि गिरोह के लोग बहुत ही शातिर हैं। यह लोग चारबाग रेलवे स्टेशन, बस स्टेशन, आलमबाग और मानकनगर के बाहर आटो लगाते थे। इसके बाद सवारियों को बैठाकर चल देते हैं। यात्रियों को जिस रास्ते पर जाना होता था। कुछ दूर चलने के बाद यह लोग



तमंचे, चाकू और रुपये बरामद किए गए हैं। यह जानकारी मंगलवार को डीसीपी मध्य सोमेन वर्मा ने दी। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार बदमाशों में धर्मेश यादव निवासी फतेहगंज मोहान रोड, रोहित प्रसाद निवासी आजादनगर और उसके साथी गुफरान उर्फ मामू, इमरान अंसारी, रौनक गुप्ता, वीरेंद्र कुमार उर्फ राजा और जितेंद्र गुप्ता उर्फ राहुल है।एडीसीपी दूसरे मार्ग पर चल देते थे। यात्री जब विरोध करते तो उनसे कहते कि मार्ग खराब है अथवा जाम लगा है। फिर सूनसान इलाके में जाकर उनसे लूटपाट करते और भाग जाते। उन्होंने बताया कि एसीपी ष्णानगर स्वतंत्र कुमार सिंह के निर्देशन में इंस्पेक्टर सरोजनीनगर महेंद्र कुमार सिंह उनकी टीम और क्राइम ब्रांच ने बदमाशों को पकड़ा है।

# सुप्रीम कोर्ट पहुंचे देशमुख, महाराष्ट्र सरकार


नई दिल्ली। महाराष्ट्र सरकार और प्रदेश के पूर्व गृहमंत्री अनिल देशमुख ने बॉम्बे हाईकोर्ट के उस आदेश को चुनौती देते हुए सुप्रीम कोर्ट का रुख किया है, जिसमें हाईकोर्ट ने सोमवार को देशमुख के खिलाफ पूर्व पुलिस आयुक्त परमबीर सिंह द्वारा लगाए गए भ्रष्टाचार संबंधी आरोपों की सीबीआई की प्रारंभिक जांच का निर्देश दिया था। मुख्य न्यायाधीश दीपांकर दत्ता और न्यायमूर्ति जी.एस. कुलकर्णी वाली बॉम्बे हाईकोर्ट की एक खंडपीठ ने सोमवार को सीबीआई से कहा था कि वह पिछले महीने परमबीर सिंह द्वारा अपने 'लेटर-बम' में उठाए गए मुद्दों पर १५ दिनों के भीतर इसकी 'प्रारंभिक जांच' पूरी कर। बहरहाल, कोर्ट ने कहा कि सीबीआई को तुरंत प्रथम सूचना रिपोर्ट (एफआईआर) दर्ज करने की आवश्यकता नहीं है, क्योंकि महाराष्ट्र सरकार ने इस मामले की जांच के लिए पहले ही एक उच्चस्तरीय समिति का गठन किया है। मुख्य न्यायाधीश दत्ता ने कहा, 'एक उच्चस्तरीय समिति के लिए राज्य सरकार द्वारा किया गया सरकारी प्रस्ताव हमें विश्वास दिलाता है कि इसमें कोई हस्तक्षेप की आवश्यकता नहीं है।' सुप्रीम कोर्ट की वेबसाइट के अनुसार, महाराष्ट्र और देशमुख द्वारा सुप्रीम



कोर्ट में याचिका दायर की गई है। हालांकि अभी तक सुनवाई की कोई तारीख तय नहीं हुई है। शीर्ष अदालत की वेबसाइट पर स्थिति दोनों याचिकाओं के लिए लंबित है। इससे पहले मंगलवार को नवनियुक्त गृहमंत्री दिलीप वाल्से-पाटिल ने कहा था, 'राज्य सरकार बॉम्बे हाईकोर्ट के आदेश को सुप्रीम कोर्ट के समक्ष चुनौती देगी।' सिंह की जनहित याचिका के अलावा कोर्ट ने तीन अन्य दलीलें सुनीं एक घनश्याम उपाध्याय द्वारा दायर की गई, जिसमें एक अदालत की निगरानी वाली एसआईटी की मांग थी, दूसरा मोहन भिड़े ने दायर की थी, जिसमें सुप्रीम कोर्ट या हाईकोर्ट के किसी सेवानिवृत्त जज से जांच करवाने की बात थी और तीसरा जयश्री पाटिल द्वारा दायर किया गया था, जिसमें सीबीआई या किसी अन्य ने स्वतंत्र एजेंसी से जांच की मांग की गई थी। अपनी याचिका में सिंह ने सीबीआई द्वारा अपने आरोपों की गहन जांच की मांग की थी कि देशमुख ने मुंबई के पुलिसकर्मी सचिन वाजे को 'प्रति माह १०० करोड़ रुपये की उगाही करने के लिए' कहा और साथ ही उन्होंने होमगार्डस के कमांडेंट जनरल में अपने ट्रांसफर को भी चुनौती दी। राज्य ने इस आधार पर याचिका पर कड़ी आपत्ति जताई थी कि सिंह ने केवल इसलिए आरोप लगाए, क्योंकि उन्हें मुंबई प्रमुख के पद से हटा दिया गया था।

# प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भाजपा कार्यकर्ताओं आज को देंगे गुरूमंत्र

नई दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी आज ६ अप्रेल को अपना स्थापना दिवस मना रही है। इस मौके पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए भाजपा कार्यकर्ताओं को संबोधित करेंगे।



पीएम मोदी सुबह १०:३० बजे बीजेपी के स्थापना के उद्देश्य को लेकर पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित करने वाले हैं। इस अवसर पर पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा भी कार्यकर्ताओं को संबोधित करेंगे। नड्डा सुबह १० बजे दिल्ली पार्टी दफ्तर में दीन दयाल उपाध्याय और श्यामा प्रसाद मुखर्जी की प्रतिमाओं पर पुष्प अर्पित करेंगे। स्थापना दिवस के मौके पर बीजेपी कार्यकर्ता घर-घर जाकर पार्टी की नीतियों और सरकार के कार्यो को बताएंगे। इस अवसर पर बीजेपी ने बूथ लेवल तक पार्टी का स्थापना दिवस मनाने की तैयारियां की हैं, ताकि पीएम मोदी का संबोधन बूथ स्तर के कार्यकर्ताओं तक पहुंच सके। आपको बता दें कि ६ अप्रैल, १९८० को भारतीय जनता पार्टी बीजेपी की स्थापना हुई थी। इस मौके पर राज्य मुख्यालय पर स्क्रीन के माध्यम से कार्यकर्ता प्रधानमंत्री मोदी का संदेश सुनेंगे। साथ ही पार्टी के सभी पदाधिकारी और कार्यकर्ता अपने-अपने घरों पर पार्टी का झंडा लगाएंगे।

# चुनावी घमासान! बंगाल-असम समेत पांच राज्यों की ४७५ सीटों पर मतदान शुरू

नई दिल्ली। देश के पांच राज्यों में हो रहे विधानसभा चुनावों में ६ अप्रेल यानि आज तमिलनाडु की सभी २३४ सीटों और केरल की भी सभी १४० सीटों पर वोटिंग हो रही है।असम में आज तीसरे और आखिरी चरण का मतदान है, जबकि पश्चिम बंगाल की ३१ सीटों पर तीसरे चरण के लिए वोटिंग हो रही है। केंद्रशासित प्रदेश पुडुचेरी की सभी ३० सीटों पर भी आज मतदान हो रहा है। विधानसभा चुनावों के इतर मल्लपुरम और कन्याकुमारी की लोकसभा सीटों पर भी आज वोटिंग हो रही है। इन सभी राज्यों के चुनाव नतीजे २ मई को ही घोषित किए जाएंगे। तमिलनाडु में ६.२८ करोड़ से ज्यादा मतदाता ३९९८ में २३४ लोगों के भाग्य का फैसला करेंगे। इस चुनाव में सीएम पलानीस्वामी, उप मुख्यमंत्री ओ पन्नीरसेल्वम और डीएमके प्रमुख एमके स्टालिन समेत एएमएमके प्रमुख टीटीवी दिनाकरण के साथ-साथ कमल हासन और बीजेपी चीफ एल मुरुगन की प्रतिष्ठा दांव पर रहेगी। यहां देखने वाली बात यह है कि क्या इस बार एआईएडीएमके हैट्रिक लगाएगी या फिर एक दशक बाद राज्य की सत्ता में डीएमके की वापसी करेगी। पश्चिम बंगाल में आज विधानसभा चुनाव के तीसरे चरण का मतदान हो रहा है। इस चरण में, ग्रामीण हावड़ा, सुंदरबन क्षेत्र, डायमंड हार्बर और दक्षिण २४ परगना में बारुईपुर बेल्ट और हुगली जिले के कुछ हिस्सों में चुनाव हो रहा है। बंगाल विधानसभा के ३१ स्थानों के लिए कुल ७८,५२,४२५ मतदाता २०५ उम्मीदवारों की किस्मत का फैसला करेंगे। असम की ४० विधानसभा सीटों पर भी आज मतदान हो रहा है। अंतिम चरण में मतदाता वरिष्ठ मंत्री हिमंत बिस्व सरमा, उनके पांच कैबिनेट सहयोगियों और भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष रणजीत कुमार दास सहित ३३७ उम्मीदवारों के भाग्य का फैसला करेंगे।

# राजधानी दिल्ली में भी नाइट कर्फ्यू, जानें- किसे मिलेगी बाहर निकलने की अनुमति

नई दिल्ली। देश में कोरोना बेकाबू होता जा रहा है। राजधानी दिल्ली में लगातार बढ़ते कोरोना संक्रमण (ब्वतवदंअपतने पद क्मसीप) के देखते हुए केजरीवाल सरकार ने भी रात १० बजे से सुबह ५ बजे तक नाइट कर्फ्यू लगाने का ऐलान कर दिया है। जिसके बाद से यहां आज से नाइट कर्फ्यू लागू हो गया है। दिल्ली में आज से ३० अप्रैल तक हर रात १० बजे से लेकर सुबह ५ बजे तक कर्फ्यू रहेगा। नाइट कर्फ्यू की घोषणा के बाद दिल्ली मेट्रो रेल करपोरेशन ने मेट्रो में यात्रियों की एंट्री को लेकर जानकारी दी है। डीएमआरसी के ट्वीट के जरिए मिली जानकारी के अनुसार, दिल्ली में आज रात से लागू नाइट कर्फ्यू के मध्यनजर दिल्ली मेट्रो में रात १० बजे से सुबह ५ बजे तक सिर्फ उन लोगों को एंट्री दी जाएगी जो सरकारी आदेश के मुताबिक आवश्यक सेवाओं की कैटगरी में आते हैं। इस दौरान ट्रैफिक मूवमेंट पर किसी तरह की कोई रोक नहीं होगी, जो लोग वैक्सीन लगवाने जाना चाहते हैं उन्हें छूट होगी। हालांकि इसके लिए भी राशन-किराना, फल-सब्जी, दूध, दवा से जुड़े दुकानदारों को भी एयरपोर्ट, रेलवे स्टेशन और बस अड्डे पर आने-जाने वाले यात्रियों को भी टिकट दिखाने के बाद ही छूट मिलेगी। इलाज के लिए जाने वाले मरीजों और गर्भवती महिला को छूट मिलेगी। प्रिंट और इलेक्ट्रनिक मीडियो के लोगों को भी ई-पास दिखाने के बाद ही मूवमेंट की इजाजत होगी। प्राइवेट डॉक्टर, नर्स, पैरामेडिकल स्टाफ को आईडी कार्ड दिखाना जरूरी होगा।

# पूरे देश में लग जाए लॉकडाउन, आंदोलन नहीं होगा खत्म : राकेश टिकैत

गाजीपुर बॉर्डर। देशभर में ब्वतवद के मामले बढ़ते जा रहे हैं और हालात फिर बिगड़ते जा रहे हैं। कोरोना के कारण हर तरफ खतरा बढ़ गया है। ऐसे में दिल्ली की सीमाओं पर बैठे सैंकड़ो की संख्या में किसानों पर भी कोरोना का सीधा खतरा बना हुआ है। लेकिन किसान इस आन्दोलन को न खत्म करने की बात दोहरा रहे हैं। बीते कुछ समय से ब्वतवद ने ऐसी स्पीड पकड़ी कि सात-आठ महीने का रिकॉर्ड टूट गया हैं। देश में पहली बार अब एक दिन में एक लाख से ज्यादा मरीज मिल रहे हैं। लेकिन किसान बिल के खिलाफ हो रहे विरोध में किसान ऐसे खतरा होने के बावजूद हटने का विचार नहीं कर रहें हैं। भरतीय किसान यूनियन के नेता राकेश टिकैत ने इस मसले पर बात करते हुए कहा कि, इसको



शाहीन बाग मत बनाने दो उन लोगों को। पूरे देश मे लॉकडाउन लग जाए लेकिन ये आन्दोलन खत्म नहीं होगा। जो भी कोरोना गाईड लाईन होंगी उसका पालन आन्दोलन स्थलों पर किया जाएगा। हालांकि बॉर्डर पर किसान कोरोना नियमो की साफ अनदेखी भी कर रहें हैं। किसान ना तो मुँहं पर मास्क और न ही सेनिटाइजर इस्तेमाल करते नजर आते हैं। जिससे कोरोना का खतरा किसानों पर ज्यादा बढ़ जाता है। दिल्ली सरकार द्वारा जारी किए गए हेल्थ बुलेटिन के अनुसार, राष्ट्रीय राजधानी में सोमवार को ३,५४८ नए मामले दर्ज होने के बाद कुल मामले ६,७९,९६२ हो गए हैं। वहीं पॉजिटिविटी रेट ५.५४ प्रतिशत है। यह लगातार चौथा दिन है कि जब दिल्ली में ३,५०० से ज्यादा मामले दर्ज हुए हैं। इससे पहले रविवार को यहां ४,०३३ नए मामले दर्ज किए गए थे, जो कि साल २०२१ का सबसे बड़ा दैनिक आंकड़ा था। वहीं ३ अप्रैल को ३,५६७ और २ अप्रैल को ३,५९४ मामले सामने आए थे। दूसरी ओर सरकार और किसान संगठनों के बीच ११ दौर की वार्ता हो चुकी है लेकिन अभी तक कोई नतीजा नहीं निकल सका है। दूसरी ओर फिर से बातचीत शुरू हो इसके लिए किसान और सरकार दोनों तैयार है, लेकिन अभी तक बातचीत की टेबल पर नहीं आ पाए हैं। दरअसल तीन नए अधिनियमित खेत कानूनों के खिलाफ किसान पिछले साल २६ नवंबर से राष्ट्रीय राजधानी की विभिन्न सीमाओं पर विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। किसान उत्पाद व्यापार और वाणिज्य (संवर्धन और सुविधा) अधिनियम,२०२० मूल्य आश्वासन और कृषि सेवा अधिनियम २०२० और आवश्यक वस्तु (संशोधन) अधिनियम,२०२०पर किसान सशक्तिकरण और संरक्षण समझौता हेतु सरकार का विरोध कर रहे हैं ।

# कोरोना संक्रमण के बढ़ते मामलों को देख बढ़ी सख्ती

लखनऊ। वैश्विक महामारी कोरोना वायरस का संक्रमण प्रदेश में दोबारा तेजी से फैलने के कारण इस पर अंकुश लगाने की जोरदार तैयारी में है। सरकार ने कोविड गाइडलाइन तय कर दी है।योगी आदित्यनाथ सरकार ने प्रदेश में तेजी से बढ़ते कोरोना संक्रमण को लेकर अपनी तैयारी एक बार फिर से पुख्ता कर ली है। सरकार ने कोविड गाइडलाइन के तहत अब जिला प्रशासन को हर तरफ सख्त होने का निर्देश दिया है। शासन ने तय किया है कि अब बंद स्थान पर किसी समारोह में अधिकतम १०० व्यक्ति और खुले स्थान पर उस परिसर की क्षमता से ५० फीसद या अधिकतम २०० व्यक्तियों के शामिल होने की अनुमति रहेगी। मुख्यमंत्री के दोपहर में निर्देश के बाद शासन ने रात में कोविड गाइडलाइन जारी कर दी।विदा होते ही लौट पड़ा कोरोना संक्रमण फिर पहले जैसे हालात बनाता दिख रहा है। यूपी में एक ओर जहां कंटेनमेंट जोन बनाने के लिए कवायद शुरू हो ही चुकी है तो वहीं अब सार्वजनिक स्थलों और कार्यक्रमों में स्थल की क्षमता के पचास फीसद व्यक्तियों के शामिल होने की बाध्यता भी लागू कर दी गई है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस संबंध में अधिकारियों को निर्देश जारी कर दिए हैं। सौ से अधिक कोरोना मरीज वाले जिलों में भी विशेष सतर्कता बरतने को कहा गया है।मुख्यमंत्री ने सोमवार को अपने सरकारी आवास पर प्रदेश में कोरोना संक्रमण की स्थिति की समीक्षा करते हुए कहा कि कोविड–१६ के नए स्ट्रेन की संक्रमण दर काफी अधिक है, इसलिए पूरी सजगता बरतना आवश्यक है। सुनिश्चित किया जाए कि सार्वजनिक स्थलों व कार्यक्रमों में १०० से अधिक लोग एकत्र न हों। सीएम ने लखनऊ, कानपुर नगर, प्रयागराज, वाराणसी और गोरखपुर में अतिरिक्त सतर्कता बरतने के निर्देश दिए। संक्रमण की चेन तोडने के लिए उन्होंने कान्टैक्ट ट्रेसिंग को बेहद अहम बताते हुए संदिग्ध मामलों में अनिवार्य रूप से आरटीपीसीआर टेस्ट और प्रदेश भर में जांच की संख्या बढ़ाने के भी निर्देश दिए। इसके बाद देर शाम मुख्य सचिव आरके तिवारी की ओर से शासनादेश जारी कर दिया गया। इसमें उल्लेख किया गया कि कोविड–१६ के लिए निर्धारित प्रोटोकाल और अपेक्षित सावधानियां बरतने के साथ ही कंटेनमेंट जोन के बाहर सामाजिक, धार्मिक, खेल, मनोरंजन, शैक्षिक, सांस्कृतिक आदि कार्यक्रमों में लोगों के एकत्र होने की नई व्यवस्था अगले आदेशों तक जारी रहेगी।



इसके तहत किसी भी बंद स्थान जैसे, हाल या कमरे की निर्धारित क्षमता का पचास फीसद, लेकिन एक समय में अधिकतम सौ व्यक्तियों के शामिल होने की अनुमति होगी। इसी तरह खुले स्थान या मैदान में क्षेत्रफल की क्षमता से पचास फीसद तक और एक समय में अधिकतम २०० व्यक्ति ही शामिल हो सकेंगे। सभी स्थानों पर फेस मास्क, शारीरिक दूरी, थर्मल स्केड्क्षनग, सैनिटाइजर और हैंडवाश की उपलब्धता अनिवार्य रहेगी। मुख्यमंत्री ने कोरोना के साथ ही सभी तरह के रोगों के इलाज की व्यवस्था बनाए रखने पर जोर दिया है। उन्होंने खास तौर पर एंबुलेंस सेवा को मजबूत बनाए रखने को कहा। कोविड और नन कोविड मरीजों के लिए एंबुलेंस मौजूद रखने पर जोर देते हुए योगी ने हिदायत दी कि किसी भी मरीज को एंबुलेंस का इंतजार न करना पड़े। बैठक में कृषि उत्पादन आयुक्त आलोक सिन्हा, अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास आयुक्त संजीव मित्तल, अपर मुख्य सचिव गृह अवनीश कुमार अवस्थी, पुलिस महानिदेशक हितेश चंद्र अवस्थी, अपर मुख्य सचिव राजस्व रेणुका कुमार और अपर मुख्य सचिव एमएसएमई एवं सूचना नवनीत सहगल भी उपस्थित थे। प्रदेश में कोरोना संक्रमितों की बढाती संख्या को देखते हुए नए दिशा निर्देश जारी किए गए थे। जिसमें शहरों में संक्रमित मिलने पर कंटेनमेंट जोन बनाए जाने का निर्देश है। एक संक्रमित पर २० मकानों का क्षेत्र सील होगा। एक से अधिक संक्रमित पर ६० घर सील होंगे। कंटेनमेंट जोन में लोगों का आवागमन बंद रहेगा। इसके साथ सर्विलांस टीम सर्वे और जांच करेंगी। कोविड को लेकर बहुमंजिला अपार्टमेंट के लिए नए नियम जारी किए गए हैं। एक संक्रमित मिलने पर उस अपार्टमेंट की एक मंजिल सील की जाएगी। यहां मरीज वाली मंजिल को कंटेनमेंट जोन बनाया जाएगा। एक से अधिक संक्रमित मिलने पर पूरा अपार्टमेंट सील किया जाएगा। इसमें १४ दिनों तक एक भी संक्रमित न मिलने पर मुक्ति मिलेगी। यहां पर १४ दिन बाद कंटेनमेंट जोन समाप्त होगा। सीएम योगी आदित्यनाथ ने निदेश दिया है कि संक्रमण की चेन को तोडने के लिए कांटेक्ट ट्रेसिंग का कार्य प्रभावी ढंग से किया जाए। कोविड पाजिटिव व्यक्ति के अधिक से अधिक कांटेक्ट्स को चिन्हित करते हुए ऐसे लोगों की जांच कराई जाए। इसके साथ प्रदेश में कोविड–१६ की टेस्टिंग का कार्य पूरी क्षमता से संचालित किया जाए। किसी भी संदिग्ध केस में अनिवार्य रूप से आरटीपीसीआर टेस्ट किया जाए।बचाव के लिए लोगों को निरंतर जागरुक किया जाएरू मुख्यमंत्री ने कहा कि कोविड–१६ से बचाव के लिए लोगों को निरंतर जागरूक किया जाए। सोशल डिस्टेंसिंग पर विशेष ध्यान दिया जाए। यह सुनिश्चित किया जाए कि लोग मास्क का अनिवार्य रूप से उपयोग करें। उन्होंने कोविड अस्पतालों और मेडिकल कॉलेजों में बेड्स की संख्या बढ़ाने, कोविड अस्पतालों में चिकित्सकों, पैरामेडिकल एवं नध्सग स्टाफ, आवश्यक औषधियों, मेडिकल उपकरणों और बैकअप सहित आक्सीजन की व्यवस्था करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कोविड एवं नन कोविड अस्पताल स्थापित किए जाएं। कोविड मरीज के लिए इस्तेमाल की जाने वाली एम्बुलेंस का उपयोग नन कोविड मरीजों के लिए न किया जाए। एम्बुलेंस के लिए किसी भी मरीज को इंतजार न करना पड़े।

# अद्‌भुत मजार : बिच्छुओं वाली मजार

**अमरेन्द्र सहाय अमर**

क्या कभी आपने हाथों में बिच्छू को रखने की कल्पना की है ? नहीं न, क्योंकि बिच्छू के काटते ही कुछ घंटो में मौत होना तय है. लेकिन हम आपको बताने जा रहे हैं एक ऐसी जगह के बारे में जहां हजारों जहरीले बिच्छू होने के बाद भी वह आपको नहीं काटते. एक ऐसी दरगाह, जहां सैकड़ों बिच्छू घूमते हैं लेकिन हैरानी की बात यह है कि वो बिच्छू लोगों को काटते नहीं हैं बल्कि उनको अपना दोस्त बना लेते हैं. हम बात कर रहे हैं यूपी के अमरोहा का हजरत सैयद शाह साहब की दरगाह की. यह दरगाह तकरीबन ८०० साल पुरानी है दरगाह में सैकड़ों बिच्छू हर वक्त यहां वहां घूमते रहते हैं. यहां के बिच्छू लोगों को ना काटते हैं और ना परेशान करते हैं. यूपी के अमरोहा में वाके हजरत सैयद शाह साहब की दरगाह को लोग बिच्छू वाले मजार के नाम से भी जानते हैं. मजार ८०० साल पुरानी है लेकिन हैरानी की बात ये है कि वहां मौजूद सैकड़ों जहरीले बिच्छु इंसान को अपना दोस्त बना लेते है. मर्द हों या औरत ..बच्चे हों या बजुर्ग बिच्छू हर किसी से दोस्त बन जाते हैं.यहां कदम कदम पर लाखों बिच्छू रेंगते हैं. मजार के कोने कोने में चारों तरफ बिच्छुओं की मौजूदगी किसी से छिपी नहीं रहती .और ऐसा बिल्कुल भी नहीं है कि यह बिच्छू जहरीले नहीं हैं माना तो यह भी जाता है कि दरगाह के अंदर ये बिच्छू नहीं काटते लेकिन बाहर निकलते ही काट लेते हैं. दरअसल इसके पीछे मान्यता यह है कि कोई इंसान इन बिच्छुओं को हफ्ते या दस दिन के लिए बाबा से इजाजत लेकर दरगाह से कहीं बाहर ले जाता है तो वो उसे नहीं काटते. लेकिन तय मुद्दत पूरी होते ही वे उसे तुरंत काट लेते हैं. लेकिन आज तक कभी भी यहां आए किसी भी इंसान को बिच्छू ने डंक नहीं मारा है...मजार पर आने वाले लोग बताते हैं कि मजार की आबोहवा ही ऐसी है कि यहां आने पर किसी के भी जेहन में मौजूद पाप और बुरे ख्यालात खत्म हो जाते हैं .ये दरगाह गंगा–जमुनी तहजीब की भी मिसाल है...जहां हिंदू–मुस्लिम तबकध्े के लोग दूर–दूर से मुरादें मांगने आते हैं . दरगाह के जमीन, छतों, दीवारों और आस–पास के बगीचे के पेड़ों की जड़ों के पास से मिट्टी हटाने पर ढेरों बिच्छू निकलते हैं. कहा जाता है करीब ८०० साल पहले ईरान से सैयद सरबुद्दीन सहायवलायत ने अमरोहा में आकर डेरा डाला था. यहां पहले से रह रहे बाबा शाहनसुरुद्दीन ने इस पर एतराज जताया और एक कटोरे में पानी भरकर उनके पास भेजा. बिच्छू वाले बाबा ने कटोरे के ऊपर एक फूल रखकर उसे वापस कर दिया और कहा हम इस शहर में ऐसे रहेंगे जैसे कटोरे में पानी के ऊपर फूल. मजार में बिच्छुओं की बदली आदत को कोई हजरत सैयद शाह का चमत्कार बताता है, तो कोई कुदरत का करिश्मा लेकिन जो भी हो यह वाक्या ऐसा है जिसपर यकीन आसानी से नहीं होता लेकिन आंखों देखा बात को नजर अंदाज भी नहीं किया जा सकता।






# समय पर नहीं खुलती बैंक

मितौली खीरी। जिला सहकारी बैंक लखीमपुर खीरी की शाखा मितौली में आये दिन समय पर बैंक नहीं खुलती है और न कोई भी कर्मचारी समय का ध्यान देते हैं। शाखा प्रबंधक मितौली निर्भय सिंह अपनी मर्जी से बैंक आते और जाते हैं और जब कोई खाता धारक कोई बात कहता है तो उसपे अपना रोब जमाते हुए कहते हैं कि इतनी जल्दी है तो चले जाइए और खुद समय से बैंक में उपस्थित नहीं होते हैं। बैंक का समय १०.बजे है खुद ११ बजे बैंक आते हैं। अगर कोई खाताधारक अपना खाता चेक करवाने या पैसा निकालने, चेक लेने के लिए जाता है तो कई दिन बैंक के चक्कर लगाने–पडते हैं। जिला सहकारी बैंक कर्मचारियों की बड़ी लापरवाही सामने देखने को मिली है । मितौली गांव निवासी लाला राजकिशोर रस्तोगी ने मीडिया को बताया जब बैंक में चेक लेने गए तो मैंनेजर ने कहा कि बाद में लेना जब दोबारा गए तब भी चेक देने से आनाकानी की जब काश्तकार ने कहा तो उसे धमकी देते हुए कहा आप बुजुर्ग है ।इस नाते आपका लिहाज करते हैं। आपको जो करना है कर लो आप चुप रहे हैं स्टाफ कम है जब छुट्टी मिलेगी चेक दी जाएगी। और समस्त खाताधारकों ने बैंक मैनेजर व बैंक के कर्मचारी त्रिपाठी की कार्यप्रणाली का विरोध किया है ।

# घूसखोरी में एक पर गिरी गाज कई और कई निशाने पर

लखीमपुर खीरी। जिले में घूस खोरी पर मुख्य विकास अधिकारी ने चोट मार दी। नोड्यूज बनवाने व नामांकन दस्तावेज बिक्री के नाम पर जिले में चर्चित अवैध वसूली का खुलासा करने के लिए सोमवार को मुख्य विकास अधिकारी (सीडीओ) अरविद सिंह ने काउंटरों पर भेस बदल कर कुर्ता पायजामा पहन कर चेहरे पर मास्क लगा कर खुद ही पहुंच गए। और पब्लिक की तरह लाइन में लग गये। नामांकन खरीदने के लिए पहले डीएम न्यायालय पहुंचे। जहाँ सब कुछ ठीक ठाक मिला। इसके बाद एसडीएम सदर के न्यायालय पहुंचे। जहां नामांकन पत्र खरीदने के लिए लगे लोगों के साथ कतार में खड़े हो गए। सीडीओ से आगे लाइन में लगे एक व्यक्ति द्वारा जिला पंचायत के कर्मचारी को चाय–पानी खर्चा देने की वार्ता को सुन लिया । इतना सुनते ही सीडीओ कर्मी को फटकार लगाते हुये जो पैसा दे रहा था उसको भी जमकर फटकारा। इससे स्थल पर हड़कंप मच गया। तत्पश्चात सीडीओ जिला पंचायत पहुंच पहुंचे। जहां काउंटरों पर पहुंच कर नोड्यूज बनाने की कार्रवाई के बारे में विस्तरत जानकारी ली। बकाए दारों की सूची चस्पा न होने पर उन्होंने तुरंत काउंटरों को बंद करने का निर्देश दे दिया। सीडीओ ने अपर मुख्य अधिकारी अशोक सिंह से पूछा कि बकाए दारों की सूची चस्पा क्यों नहीं की गयी, बकाए दारो की सूची तत्काल लगाई जाने का निर्देश दिया। जिसमें पता चलेगा कौन बकाएदार है वह नोड्यूज के लिए बकाया जमा करें और उनका नोड्यूज बनाकर दिया जाए। सीडीओ की भेष बदल का इस छापामारी से घूस खोरों की असली चोट पहुंची है जो जिले में चर्चा का विषय बन गयी। ज्ञात हो बीते कई दिनों से जिला पंचायत में नोड्यूज बनाने में अवैध वसूली व धौरहरा ब्लक में अवैध वसूली की खबरें शोशल मिडिया पर चल रहीं थीं। सीडीओ अरविन्द सिंह ने पूर्व में ही जिम्मेदार कर्मचारियों पर कार्रवाई का आदेश अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत, डीपीआरओ को दिया था। मगर विराम न लगते देख सीडीओ ने खुद ही सच्चाई जानने के लिए वेष बदलकर मौके पर पहुंच गए और जिला पंचायत के एक कर्मचारी पर गाज गिर गयी।

# ननिहाल में रह रहे युवक की संदिग्ध मौत

लखीमपुर खीरी। थाना मैलानी क्षेत्रांतर्गत चौकी कुकरा की पुलिस ने गांव के ही अरुण कुमार २५ पुत्र किशोरी जो कि ग्राम बरगदिया थाना हैदराबाद का निवासी था। ग्राम कुकरा में वह अपनी नानी की देखरेख के लिए रहता था। जिसका सोमवार को प्रातः कुकरा–बांकेगंज मार्ग पर स्थित शमशान घाट के निकट संदिग्ध अवस्था में शव पड़ा मिला। शव के पास से नशीली एवं जहरीली कीटनाशक की बोतल भी मिली है। जिन्हें पुलिस ने अपने कब्जे में लेकर जांच के लिए भेज दिया है। पुलिस ने शव को सील कर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया है। बताया जाता है कि मृतक की नानी व उनकी सम्पत्ति को कोई देखने वाला नहीं था। जिसके कारण मतृक अरुण अपनी नानी व उसकी जमीन की देखभाल करता था। समाचार लिखे जाने तक घटना के कारणों का पता नहीं चल सका पुलिस जांच में जुटी है।

# भाजपा नेत्री डा. इरा श्रीवास्तव का वीरबाबा स्थान पर जबरन कब्जा, ग्रामीणों में रोष

लखीमपुर–खीरी। तहसील सदर की ग्राम पंचायत पहाड़ापुर स्थित आरटीओ आफिस निकट तालाब के पास वर्षों पुराना देव स्थान वीरबाबा पर भाजपा नेत्री डा. इरा श्रीवास्तव के जबरियन कब्जे से ग्रामीण चिंतित हैं। मिली जानकारी के अनुसार गत रविवार को देव स्थान बीरबाबा पर ग्राम राजापुर निवासी व्यक्ति की मनौती पूर्ण होने पर मिट्टी पटाई कराकर बनाई जा रही दिवार को लेकर डॉ. इरा श्रीवास्तव के कुछ सहयोगियों ने जाकर नींव तुड़वाकर कार्य बन्द करा दिया। साथ ही कार्य कर रहे मजदूरों को गाली गलौज देते हुए कार्य रुकवाया नहीं तो जेल भेज दिया जाएगा धमकी देते हुए कार्य रूकवा दिया। वहीं जिसकी जानकारी ग्रामीणों को मिली तो आज सुबह प्रातः नौ बजे भारी संख्या में ग्रामीण वीरबाबा स्थान पर एकत्रित होकर पुनः निंव भरवाई का कार्य शुरू किया। इसी बीच राजापुर पुलिस चौकी के दो सिपाही कार्यस्थल पर पहुंचकर, कार्य रूकवाते हुए बताया कि इसका प्रार्थना पत्र मिला है आप लोग इसका सुलह समझौता कराकर तभी कार्य कराये। ग्रामीणों की ओर से बताया गया कि राजेन्द्र प्रसाद वर्मा पुत्र महावीर आदि लोगों की पुस्तैनी जमीन थी जिसमें आम व कई प्रकार के पेड़ों की बाग लगी थी। राजेन्द्र प्रसाद वर्मा आदि सह खातेदारों ने आज से लगभग १२ से १३ साल पूर्व में डाक्टर इरा श्रीवास्तव के नाम शर्त के अनुसार बिक्री कर दिया था कि वर्षों पुराना बीरबाबा व पीछे देवी माता का स्थान जिसकी भूमि लगभग आधा बीघे है का डाक्टर इरा श्रीवास्तव से रूपया नहीं लिया था क्योंकि यह भूमि देव स्थान की थी जिस पर डा. इरा श्रीवास्तव की भी सहमति बनी थी। डॉ. इरा श्रीवास्तव ने देव स्थान की भूमि छोड़कर शेष अपनी जमीन पर वाउन्ड्रीवाल कर कब्जा कर लिया था, शेष जमीन विक्री भी कर दी। जिसकी प्लाटिंग भी हो गई। ग्रामीणों का आरोप है उक्त जमीन की कीमत बढ़ जाने के लालच में डा. इरा श्रीवास्तव अपनी बात से पलट कर ग्रामीणों की शर्त पर छोड़ी गई देव स्थान की भूमि पर कब्जा करने की नियत से आमादा हैं। इतना ही नहीं यह ग्रामीणों के आस्था का एक मात्र वीरबाबा स्थान है तथा यहीं पास में ही समस्त ग्रामवासियों के कर्मकाण्ड का स्थल भी है। जिसपे डॉ. इरा श्रीवास्तव के जबरन कब्जे से ग्रामीणों में भारी रोष व्याप्त है। उक्त संबंध में जब प्रेस ने डॉ. इरा श्रीवास्तव के मोबाइल नम्बर ६४१५१६८००७ पर संपर्क कर वार्ता करनी चाही तो दो बार बेल जाने के बाद फोन स्वीच ऑफ हो गया।

# पत्रकारों ने राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन तहसीलदार को सौंपा

पलियाकलां–खीरी। जिले तथा नगर के वरिष्ठ पत्रकार व सहायक संपादक हिन्दी दैनिक राष्ट्रीय प्रेस के सहायक संपादक विश्वकांत त्रिपाठी के भाई की संदिग्ध मौत का भीरा पुलिस द्वारा २० दिनों बाद भी अनावरण न किए जाने से क्षुब्ध पत्रकारों ने राज्यपाल को संबोधित एक ज्ञापन तहसीलदार पलिया आशीष कुमार सिंह को सौंपा । राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन में पत्रकारों ने कहा है कि पत्रकार विश्व कांत त्रिपाठी के भाई मुनेश त्रिपाठी का शव थाना भीरा के ग्राम पड़रिया तुला में १८ मार्च को उन्हीं के घर में संदिग्ध अवस्था धूल मिट्टी से लथपथ तमाम चोटों के साथ फांसी पर लटका मिला था । इससे पूर्व उनकी गांव के ही एक व्यक्ति ने समस्त चल –अचल संपत्ति की वसीयत करा लाखों रुपया भी हड़प लिया था और साढे तीन लाख की देनदारी को लेकर मृतक ने फरवरी २०२१ के प्रथम सप्ताह मे पुलिस अधीक्षक खीरी के समक्ष पैसा वसूली कराने व जान का खतरा जताते हुये न्याय की गु हार भी लगाई थी औरनाम जद कराये गये व्यक्ति से हल्काई दरोगा सुरेश चंद ने फैसला भी किया था और एक मह के अंतराल मे विपक्षी आशुतोष आदि ने पैसा देने का वायदा भी दरोगा सुरेश चंद के सम्मुख लिखित किया था। आशुतोष आदि से मृतक का लाखो रुपया वापसी को लेकर अक्सर विवाद होता रहता था । पत्रकारों ने उक्त प्रकरण की निष्पक्ष जांच करा मृतक के मोबाइल काल की डिटेल निकालने तथा शव की वीडियो ग्राफी के आधार पर न्याय दिलाने की मांग की है। दिए गए ज्ञापन पर वरिष्ठ पत्रकार हरीश श्रीवास्तव, रामचंद्र शुक्ल ,ओमप्रकाश सुमन, सुरेश कुमार मिश्र, रजत मिश्र,धीरज गुप्ता, अभिजीत मिश्र, शिशिर शुक्ल ,विकास दीक्षित, जितेंद्र सिंह ,प्रशांत मिश्र, नवीन अग्रवाल, निर्जेश मिश्र, जय कुमार गुप्ता राजीव गुप्ता, ,विवेक पांडे, विवेक अग्रवंशी,विष्णू अग्रवाल, रहमत अली आदि पत्रकारों ने हस्ताक्षर कर तहसीलदार के समक्ष पेश होकर राज्यपाल, मुख्य मंत्री डीजीपी सहित अधिकारियों को ज्ञापन दिया।

# भव्यता से संपन्न हुआ नवकुंडी एवं महादीप यज्ञ कार्यक्रम

लखीमपुर–खीरी। पलिया के बोझवा में बड़ी ही भव्यता से नव कुंडी एवं महाद्वीप यज्ञ कार्यक्रम संपन्न हुआ। गुरु जी के प्रवचनों से पलिया नगर वासी अपने को धन्य मानने लगे। पलिया क्षेत्र के ग्राम बोझवा स्थित पंचमुखी हनुमान मंदिर भवन के प्रांगण में चल रहे गायत्री परिवार द्वारा नौ कुंडीय एवं महाद्वीप यज्ञ एवं युवा प्रवचन सम्मेलन कल रात में बड़ी भव्यता से संपन्न हुआ आमंत्रण पर पलिया नगर के भाजपा नेता समाजसेवी रवि गुप्ता अपनी पूरी टीम के साथ मंदिर में पहुंचे एवं समापन कार्यक्रम की बेला पर कार्यक्रम आयोजकों द्वारा रवि गुप्ता की पूरी टीम को मंच पर आमंत्रित किया गया रवि गुप्ता ने परम पूज्य गुरु जी एवं आए हुए सभी विद्वान वक्ताओं कीर्तन मंडली को चंदन तिलक लगाकर एवं भगवान का चित्र छपा हुआ अंग वस्त्र परम पूज्य गुरु जी को ओढाकर कर कार्यक्रम की शुरुआत कराई एवं सभी ने बैठकर गुरु जी के प्रवचनों को सुना ज्ञान एवं आशीर्वाद प्राप्त किया पिछले कई दिनों से चल रहे इस कार्यक्रम में हजारों की संख्या में भक्त शामिल हुए इस अवसर पर रवि गुप्ता के साथ वेद राम मौर्य ,वरिष्ठ पत्रकार रामचंद्र शुक्ला, सुंदरकांड पाठ समाज सेवा मंडल के निरंकार प्रसाद बरनवाल, हिंदू युवा वाहिनी के सक्षम शुक्ला, कमलनाथ, आकाश गुप्ता ,मौजूद रहे इस शानदार आयोजन के लिए रवि गुप्ता ने आयोजक मंडली को जिसमें प्रमुख रुप से विनय सिंह उनकी पत्नी मीरा देवी पूर्व प्रवक्ता बलदेव वैदिक इंटर कलेज चंद्रिका प्रसाद मौर्य ,ब्रह्मा दिन मौर्य, सुभाष दास को बहुत–बहुत धन्यवाद ज्ञापित किया। बताते चलें समाजसेवी रवि गुप्ता जो कि एक धार्मिक प्रवृत्ति के व्यक्ति भी हैं सदैव धार्मिक कार्यक्रमों में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेते हैं।

# पंचायत चुनाव में वोट डालने के लिए मिलेगी छुट्टी

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में पंचायत चुनाव में वोट डालने के लिए लोगों को छुट्टी मिलेगी। योगी आदित्यनाथ सरकार ने चार चरणों में होने वाले पंचायत चुनाव के लिए १५, १६, २६ व २६ अप्रैल को संबंधित जिलों में सार्वजनिक अवकाश घोषित किया है। यह अवकाश नेगोशिएबल इंस्ट्रूमेंट एक्ट के तहत घोषित किया गया है, जिससे चुनाव के दिन संबंधित जिलों में बैंक और कोषागार भी बंद रहेंगे। सामान्य प्रशासन विभाग की ओर से इस बारे में आदेश जारी कर दिया गया है। शासन के आदेश के क्रम में जिलाधिकारी अपने जिलों में सार्वजनिक अवकाश की घोषणा करेंगे। १५ अप्रैल को सहारनपुर, गाजियाबाद, रामपुर, बरेली, हाथरस, आगरा, कानपुर नगर, झांसी, महोबा, प्रयागराज, रायबरेली, हरदोई, अयोध्या, श्रावस्ती, संतकबीरनगर, गोरखपुर, जौनपुर और भदोही में सार्वजनिक अवकाश रहेगा। १६ अप्रैल को मुजफ्फरनगर, बागपत, गौतमबुद्धनगर, बिजनौर, अमरोहा, बदायूं, एटा, मैनपुरी, कन्नौज, इटावा, ललितपुर, चित्रकूट, प्रतापगढ़, लखनऊ, लखीमपुर खीरी, सुल्तानपुर, गोंडा, महराजगंज, वाराणसी और आजमगढ़ में सार्वजनिक अवकाश रहेगा। २६ अप्रैल को शामली, मेरठ, मुरादाबाद, पीलीभीत, कासगंज, फीरोजाबाद, औरैया, कानपुर देहात, जालौन, हमीरपुर, फतेहपुर, उन्नाव, अमेठी, बाराबंकी, बलरामपुर, सिद्धार्थनगर, देवरिया, चंदौली, मीरजापुर और बलिया में सार्वजनिक अवकाश रहेगा। २६ अप्रैल को बुलंदशहर, हापुड़, संभल, शाहजहांपुर, अलीगढ़, मथुरा, फर्रुखाबाद, बांदा, कौशांबी, सीतापुर, अंबेडकरनगर, बहराइच, बस्ती, कुशीनगर, गाजीपुर, सोनभद्र और मऊ में छुट्टी घोषित होगी। कुल ८,६६,६५८ पदों में ग्राम पंचायत सदस्य के ही ७,३२,५६३ पद हैं। ग्राम प्रधान के ५८,१८६, क्षेत्र पंचायत सदस्य के ७५,८५५ और जिला पंचायत सदस्य के ३,०५१ पदों के लिए वोट डाले जाएंगे। विभिन्न कारणों से १८ ग्राम पंचायतों के चुनाव नहीं कराए जा रहे हैं। जिला निर्वाचन अधिकारियों (डीएम) को चुनाव संबंधी सूचना शुक्रवार को और निर्वाचन अधिकारियों (पंचायत) को २७ मार्च को उसे जारी करने के निर्देश दिए गए हैं। चुनाव की सभी को जानकारी हो सके इसके लिए गांवों में मुनादी कराने को भी कहा गया है। २७ मार्च से नामांकन पत्रों की बिक्री शुरू होने के साथ ही चुनाव की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी ।राज्य निर्वाचन आयोग के मुताबिक अबकी पंचायत चुनाव में कुल १२. ३६ करोड़ मतदाता वोट डालेंगे। इनमें ५३.०१ फीसद पुरुष तथा ४६.६६ फीसद महिला मतदाता हैं। पंचायत चुनाव के लिए कुल ग्रामीण आबादी का ६७.४५ फीसद मतदाता (ईपी रेशियो) हैं। आयोग के अनुसार मतदान के लिए कुल ८०,७६२ मतदान केंद्र और २,०३,०५० मतदेय स्थल (पोलिंग बूथ) बनाए गए हैं।

## बिग बी अमिताभ बच्चन लेंगे ;षि कपूर की जगह, दीपिका पादुकोण के साथ आएंगे नजर

मुंबई। बिग बी अमिताभ बच्चन (।उपजंझी ठंबीबीदं) और खूबसूरत अभिनेत्री दीपिका पादुकोण (क्ममचपां च्कनावदम) एक बार फिर से बड़े पर्दे पर साथ दिखाई देने वाले हैं। अपकमिंग मूवी द इंटर्न (जीम प्दजमतद) में दोनों एक साथ दिखाई देंगे। फिल्म में जिस किरदार को ऋषि कपूर (त्पीप ज्ञंचववत) निभाने वाले थे, उसे अब अमिताभ बच्चन निभाएंगे। क्योंकि पिछले साल ऋषि कपूर का निधन हो जाने से इस किरदार के लिए उम्दा कलाकार की तलाश थी, जो बिग बी पर जाकर पूरी हुई है। इस संबंध में दीपिका ने सोशल मीडिया पर जानकारी शेयर की है। दीपिका ने अपने सोशल मीडिया में द इंटर्न का पोस्टर शेयर करते हुए लिखा है



कि एक बार फिर से इस सबसे विशेष अभिनेता के साथ काम करना मेरे लिए बड़े गर्व की बात है। द इंटर्न के भारतीय संस्करण में, मैं अमिताभ बच्चन का स्वागत करती हूं। खबरों की माने तो अमिताभ इस फिल्म में रॉबर्ट डी निरो का रोल अदा करेंगे, जो पहले ऋषि कपूर करने वाले थे। दीपिका इस फिल्म में एने हैथवे के रोल में नजर आएंगी। आपको बता दें कि दीपिका और अमिताभ इससे पहले फिल्म पीकू में काम कर चुके हैं। फिल्म के निर्देशक अमित रविन्द्रनाथ शर्मा हैं और सह–निर्माता अमित रविन्द्रनाथ शर्मा और गौरव बोस हैं। द इंटर्न के मूल संस्करण ने की थी २०० मिलियन डालर की कमाई द इंटर्न के मूल संस्करण को नैंसी मेयेर्स ने डायरेक्ट किया था और एने हैथवे व रॉबर्ट डी निरो ने मुख्य किरदार निभाए। इस मूवी ने विश्व भर से करीब २०० मिलियन डालर की कमाई की थी।

हमारे अन्य प्रतिनिधि
संजय बाजपेई
सीतापुर
मो.9935160370
प्रियंका त्रिपाठी
नई दिल्ली
विधिक सलाहकार
सुरेश नारायण मिश्र
क्षेत्रीय सम्पादक
सौरभ कुमार, बिहार
मो.09386075289
मो० अरशद
ब्यूरो चीफ
मऊ

## मशहूर एक्ट्रेस शशिकला का निधन

नई दिल्ली। हिंदी सिनेमा जगत की मशहूर अभिनेत्री शशिकला का निधन हो गया है। अपने जमाने की फेमस रही शशिकला ने ८८ साल की उम्र में दुनिया को अलविदा कह दिया। रविवार को



मुंबई में शशिकला ने अंतिम सांस ली। अभिनेत्री काफी लंबे समय से बीमार चल रही थीं। बीमारी के कारण उन्होंने फिल्मों और टीवी सीरियल्स में भी काम करना बंद कर दिया था। शशिकला के निधन से फिल्म इंडस्ट्री में मायूसी है। सेलेब्स सोशल मीडिया के जरिए एक्ट्रेस को श्रद्धांजलि दे रहे हैं। वहीं दिग्गज एक्टर प्रेम चोपड़ा ने शशिकला के निधन पर कहा कि वह एक बेहतरीन अदाकारा थीं। उन्होंने अपने करियर में कई तरह के रोल निभाए हैं। जिसमें वैम्प से लेकर कमेडी तक के रोल शामिल हैं। प्रेम चोपड़ा कहते हैं कि वह उन्हें एक बेहतरीन कलाकार के रूप में हमेशा याद करेंगे। शशिकला ने फिल्मों में अधिकतर नानी और दादी का किरदार बखूबी निभाया। वहीं सास के रूप में भी शशिकला कई फिल्मों में अपना हुनर दिखा चुकी थीं। शशिकला इतनी बेहतरीन कलाकार थीं कि वह किसी भी रोल को अपना बना लेती थीं और अपने अंदाज से उसमें जान फूंक देती थीं। कई सालों पहले शशिकला को मशहूर फिल्म निर्माता करण जौहर की सुपरहिट फिल्म कभी खुशी कभी गम में देखा गया था। इस फिल्म में उनका बेहद ही छोटा सा रोल था। जिसमें उन्हें भूलने की बीमारी होती है। इसके अलावा शशिकला चोरी–चोरी, परदेस जैसी कई फिल्मों में भी नजर आ चुकी हैं। टीवी सीरियल्स भी में भी वे अधिकतर सास और मां के रोल में दिखाई दी थीं।

## बॉलीवुड के पीछे ही पड़ गया कोरोना, कैटरीना कैफ भी हो गई कोरोना संक्रमित

मुंबई। कोरोना शायद बॉलीवुड के पीछे ही पड़ गया है। बॉलीवुड के कई सितारों हस्तियों के कोरोना संक्रमित पाए जाने के बाद अब एक्ट्रेस कैटरीना कैफ भी कोरोना पॉजिटिव हो गई हैं। इससे पहले अमिताभ बच्चन, परेश रावल, अक्षय कुमार, गोविंदा, मिलिंद सोमन, भूमि पेडणेकर, विक्की कौशल समेत दर्जनों स्टार कोरोना की चपेट में आ चुके हैं। पॉजिटिव आने के बाद कैटरीना ने खुद को घर में आइसोलेट कर लिया है। उन्होंने अपने सोशल मीडिया इंस्टाग्राम अकाउंट के जरिए इसकी जानकारी दी है। कटरीना कैफ ने इंस्टाग्राम स्टोरी पर लिखा कि उनकी कोरोना रिपोर्ट पॉजिटिव आई है। खुद को आइसोलेट कर लिया है और होम क्वॉरन्टीन रहूंगी। उन्होंने कहा कि मैं अपने डॉक्टरों की सलाह से सभी सेफ्टी प्रोटोकॉल्स का पालन कर रही हैं, लेकिन संपर्क में आए सभी लोगों से अपील करती हैं कि वे तुरंत अपना टेस्ट करवा लें। उन्होंने लिखा कि आपके प्रेम और समर्थन के लिए शुक्रिया। सुरक्षित रहें और खुद का ख्याल रखें। आपको बता दें कि बीते कुछ दिन से बॉलीवुड में एक के बाद एक दिग्गज सितारे कोविड की चपेट



में आ रहे हैं। कैटरीना कैफ के कोरोना पॉजिटिव पाए जाने की खबर सामने आने से एक दिन पहले ही उनके दोस्त बॉलीवुड स्टार विक्की कौशल ने भी सोशल मीडिया पर घोषणा की थी कि वह कोरोना पॉजिटिव पाए गए हैं। कौशल ने कहा था कि तमाम देखभाल और सावधानियों के बावजूद दुर्भाग्य से वह कोविड–१६ पॉजिटिव हो गए हैं। कौशल ने कहा था कि वह सभी आवश्यक प्रोटोकॉल के साथ अपने घर में आइसोलेट हो चुके हैं। इससे पहले अक्षय कुमार और गोविंदा भी पॉजिटिव पाए गए। मिलिंद सोमन रिकवर हो चुके है और उन्होंने भी इस बाबत एक पोस्ट शेयर की है।

स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक आरती पाण्डेय द्वारा सांई आफसेट प्रिन्टर्स, 40 वासुदेव भवन भातखण्डे संगीत महाविद्यालय के पीछे, कैसरबाग लखनऊ से छपवाकर एमआईजी 2/379 रश्मिखंड शारदानगर आशियाना लखनऊ उ0प्र0 से प्रकाशित।
आर.एन.आई
UPHIN/2010/32566
सम्पादक
आरती पाण्डेय
मो.9415087228
9889745884. 9807059191. 9026560178
Email-
adbhutsamachar@yahoo.in
adbhut_samachar@rediffmail.com
सभी विवादों का न्यायक्षेत्र लखनऊ होगा।

समाचार पत्र में छपी समस्त प्रकार की खबरों एवं लेखों का स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक आरती पाण्डेय से किसी भी प्रकार का कोई लेना देना नहीं है। समाचार पत्र में छपी खबर एवं लेख पत्रकारों के अपने निजी विचार हैं। समाचार पत्र से जुड़े समस्त पत्रकारों के पद अवैतनिक हैं। और वह सब स्वतंत्र पत्रकार हैं। प्रकाशक/सम्पादक